18 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00
* ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 238

शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को मिला 2.66 करोड़ रुपये









आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# दुनिया के साथ किये गये व्यवहार की कीमत चुका रहा है ईरान

## ■ इजरायल ही नहीं, हर शांतिप्रिय देश के लिए परेशानी का सबब बना था ईरान

## ■ आतंक और अलगाववाद के हर समर्थक को ऐसा ही जवाब दिया जाना चाहिए

**इजरायल के हमले से ईरान तबाही की कगार पर पहुंच गया है। तेहरान से लाखों की संख्या में लोग घर-बार छोड़कर भाग रहे हैं। जिसे जहां भी जगह मिल रही है, वह वहां भाग जाना चाहता है पर तेहरान में नहीं रहना चाहता है। इजरायल के मिसाइल और ड्रोन हर दिन कहर बरपा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी ईरान के लोगों को तेहरान छोड़ने की चेतावनी दी है। इसके चलते समझा जा रहा है कि ईरान पर बहुत बड़ी कार्रवाई होने जा रही है। ईरान के दर्जनों बड़े अधिकारी, नेता और वैज्ञानिक मारे जा चुके हैं। पर दुनिया में ईरान को लेकर किसी को भी हमदर्दी नहीं है। इस्लामी देशों से जैसे समर्थन की उम्मीद थी, वह नहीं दिखाई दे रही है। रूस और चीन भी ईरान के पक्ष में खड़े होने से कन्नी काट रहे हैं। इजरायल और ईरान के बीच 2025 में शुरू हुआ सैन्य टकराव, जिसे 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' और ईरान के जवाबी 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस' के रूप में जाना जाता है, ने वैश्विक स्तर पर व्यापक चर्चा छेड़ दी है। जहां तक भारत का सवाल है, तो उस पर इस युद्ध का गंभीर असर पड़ेगा, लेकिन आतंकवाद और अलगाववाद को प्रश्रय देनेवाले ईरान के खिलाफ इस तरह कार्रवाई के लिए इतनी कीमत तो चुकानी ही होगी। ईरान आज जिस स्थिति में खड़ा है, उसके लिए वह खुद जिम्मेदार है। उसने दुनिया भर के आतंकी संगठनों को प्रश्रय देकर मानवता के लिए सिरदर्द पैदा किया है और अब इजरायल उसे सबक सिखा रहा है, तो भारत जैसे देशों को सीखना चाहिए कि अपने दुश्मन से कैसे निबटना चाहिए। ईरान-इजरायल युद्ध की पृष्ठभूमि में भारत पर क्या हो सकता है इसका संभावित असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

ईरान और इजरायल के बीच जंग अपने चरम पर पहुंच चुकी है। दोनों तरफ से जबरदस्त हमले जारी हैं। फिलहाल अभी तो यही लग रहा है कि दोनों देशों के बीच यह जंग काफी दिनों तक चलने वाली है। जाहिर है कि अगर युद्ध लंबा चलता है, तो दुनिया दो ध्रुवों में एक बार फिर बंट सकती है। अगर ऐसा होता है, तो सबसे बड़ी मुश्किल भारत के समक्ष आने वाली है। भारत की विदेश नीति ऐतिहासिक रूप से तटस्थता, रणनीतिक स्वायत्तता और राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देने पर आधारित रही है। दोनों देशों–ईरान और इजरायल–के साथ भारत के गहरे और रणनीतिक संबंध हैं, और किसी एक को चुनना भारत के लिए आसान निर्णय नहीं होगा।

### अपने किये की सजा भुगत रहा है ईरान

जहां तक ईरान की बात है, तो वह दुनिया के साथ किये गये अपने व्यवहार की सजा भुगत रहा है। आज दुनिया का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जो ईरान के साथ खड़ा है। इसका कारण यह है कि अपने तेल भंडारों के बल पर ईरान ने हर तरह से दुनिया को परेशान किया है। ईरान दर्जनों आतंकी गुटों का पनाहगाह है। मध्य एशिया में सऊदी अरब , यूएइ, कुवैत जैसे देश भी हैं। दुनिया में और दर्जनों मुस्लिम देश हैं, जो शांतिपूर्ण तरक्की को ही अपना लक्ष्य मानते हैं। पर शायद आज का ईरान ऐसा नहीं है। आज अगर पश्चिम चाहता है कि ईरान के पास परमाणु हथियार न आये, तो इसके पीछे उनके पर्याप्त कारण हैं। ईरान पर लंबे समय से आतंकी संगठनों को समर्थन देने और फंडिंग करने का आरोप लगता रहा है, जिसने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा को प्रभावित किया है। ईरान की इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आइआरजीसी) इन गतिविधियों का मुख्य केंद्र मानी जाती है। ईरान के प्रमुख आतंकवादी संगठनों में हिजबुल्लाह (लेबनान), हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (गाजा), हूती विद्रोही (यमन) और इराकी शिया मिलिशिया शामिल हैं। इन समूहों को ईरान से हथियार, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता मिलती है, जिसका उपयोग क्षेत्रीय अस्थिरता फैलाने में होता रहा है। ईरान इन आतंकी संगठनों को मिसाइलें और ड्रोन देता रहा है, जिसका उपयोग इजरायल के खिलाफ होता है। हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद गाजा में आतंकियों को रॉकेट और ड्रोन तकनीक प्रदान करता है। इस्लामिक जिहाद भी इजरायल पर रॉकेट हमले करता है। हूती विद्रोहियों ने भी कम आतंक नहीं मचाया है। यमन में हूतियों को ईरान से बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन मिलते हैं। ईरान इन समूहों का उपयोग क्षेत्रीय प्रभाव बढ़ाने और इजरायल, अमेरिका, सऊदी अरब जैसे विरोधियों पर दबाव बनाने के लिए करता है। अमेरिका ने आइआरजीसी को आतंकी संगठन घोषित किया है और प्रतिबंध लगाये हैं। 2025 में इजरायल के हमलों ने ईरान के परमाणु और सैन्य ढांचे को निशाना बनाया, जिसे इन गतिविधियों की सजा माना गया।




### भारत के लिए एक तरफ कुआं, तो दूसरी तरफ खाई

अब भारत की बात। इस युद्ध का भारत पर असर तो पड़ेगा, लेकिन आतंकवाद की पीड़ा झेल रहे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को इतनी कीमत तो चुकानी ही होगी। ईरान-इजरायल युद्ध में पहले तो भारत किसी के साथ जायेगा नहीं और अपनी गुट निरपेक्ष वाली छवि बनाये रखेगा। पर कई ऐसे कारण हैं, जिनके चलते भारत को द्विध्रुवीय व्यवस्था में अपना एक पक्ष चुनना ही होगा।

### मजबूत हैं भारत-इजरायल संबंध

इजरायल के अस्तित्व में आने के बाद करीब चार दशकों तक भारत इस्लामी राष्ट्रों के दबाव में इजरायल के साथ कूटनीतिक रिश्ते नहीं बना सका। भारत और इजरायल के बीच 1992 में पहली बार नरसिंह राव के कार्यकाल में पूर्ण कूटनीतिक संबंध स्थापित हुए। उसके बाद से भारत-इजरायल के बीच रिश्ते तेजी से मजबूत हुए हैं । इजरायल भारत के लिए एक महत्वपूर्ण रक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदार बन गया है। भारत ने इजरायल से बराक मिसाइल रक्षा प्रणाली, ड्रोन, राडार सिस्टम, और अन्य उन्नत हथियार प्रणालियां खरीदी हैं। 2023 तक भारत के रक्षा आयात में इजरायल का हिस्सा लगभग 10-12% रहा है। इजरायल की साइबर सुरक्षा तकनीक और खुफिया सहयोग भी भारत के लिए महत्वपूर्ण हैं, खासकर आतंकवाद विरोधी अभियानों में। भारत और इजरायल दोनों आतंकवाद को एक साझा खतरे के रूप में देखते हैं। इजरायल की खुफिया एजेंसियां, जैसे मोसाद और भारत की रॉ के बीच सहयोग ने आतंकवाद से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य मंचों पर भारत के हितों का समर्थन किया है, जैसे कि कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख का समर्थन।

### पुराने हैं भारत-ईरान संबंध

भारत और ईरान के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, और रणनीतिक संबंध हैं, जो सदियों पुराने हैं। ईरान भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण है। ईरान भारत के लिए कच्चे तेल का एक महत्वपूर्ण आपूर्तिकर्ता रहा है। हालांकि अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण 2019 के बाद भारत ने ईरान से तेल आयात कम कर दिया, लेकिन ईरान की भौगोलिक स्थिति भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बनी हुई है। भारत ने ईरान के चाबहार बंदरगाह में भारी निवेश किया है, जो भारत को बिना पाकिस्तान पर निर्भर हुए मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है। यह बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह चीन के ग्वादर बंदरगाह (पाकिस्तान) को संतुलित करता है। अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आइएनएसटीसी) भारत, ईरान और रूस को जोड़ता है, जो भारत के लिए व्यापार और रणनीतिक कनेक्टिविटी को बढ़ाता है।

### क्या कर सकता है भारत

भारत की विदेश नीति का मूल सिद्धांत रणनीतिक स्वायत्तता और गुटनिरपेक्षता रही है। भारत ने ऐतिहासिक रूप से किसी भी वैश्विक या क्षेत्रीय संघर्ष में स्पष्ट रूप से एक पक्ष चुनने से परहेज किया है। भारत ने रूस और यूक्रेन के बीच भी तटस्थता बनाये रखी। भारत ने सऊदी अरब और ईरान, या इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संतुलन बनाये रखा है। हाल ही में भारत ने फिलिस्तीन को मानवीय सहायता भेजी, जो उसकी संतुलित नीति को दर्शाता है। फिर भी भारत को मजबूरी में ईरान या इजरायल में से किसी एक को चुनना पड़े, तो वह क्या करेगा, यह बड़ा सवाल है। इस सवाल का जवाब इसमें छिपा हुआ है कि भविष्य में समीकरण कैसे बनते हैं। जैसा कि ईरानी अधिकारियों का बयान आया है कि अगर इजरायल परमाणु हमला करता है, तो ईरान की ओर पाकिस्तान इजरायल पर परमाणु हमला करेगा। पाकिस्तान की ओर से अगर इस तरह का आश्वासन ईरान को युद्ध के दौरान मिलता है, तो जाहिर है भारत और ईरान के बीच दूरी बढ़ेगी ही। इसके पहले जिस तरह इजरायल के पीएम नेतन्याहु ने भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी को पूरे घटनाक्रम की और अपनी सुरक्षा की जानकारी दी है, वह दोनों देशों की बीच की नजदीकी को प्रकट करता है। इजरायल का रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग भारत के लिए तत्काल और दीर्घकालिक रणनीतिक महत्व रखता है। भारत की रक्षा आधुनिकीकरण और आतंकवाद विरोधी नीतियां इजरायल पर निर्भर हैं। इजरायल अमेरिका और पश्चिमी देशों का करीबी सहयोगी है। भारत के अमेरिका, यूरोपीय संघ, और क्वाड (क्वाड) देशों (अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया) के साथ बढ़ते संबंध इजरायल के पक्ष में झुक सकते हैं। इसलिए भारत को मजबूरन एक पक्ष चुनना पड़े, तो रणनीतिक और वैश्विक गतिशीलता के आधार पर इजरायल को चुनने की संभावना अधिक हो सकती है। हालांकि भारत ईरान को पूरी तरह से त्यागने की संभावना नहीं रखता। चाबहार बंदरगाह और मध्य एशिया में भारत के हित ईरान को रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बनाये रखते हैं।

---

फ़्लाइओवर उद्घाटन के चक्कर में जनता झेल रही परेशानी

## भाजपा नेताओं को अपनी राजनीति चमकाने से मतलब, जनता की परेशानी से नहीं : धीरज दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजनीति में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्षकार धीरज दुबे ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। झामुमो का आरोप है कि भाजपा नेताओं को केवल अपनी राजनीति चमकाने की चिंता है, जनता की सुविधा और तकलीफों से उनका कोई वास्ता नहीं। झामुमो का कहना है कि राजधानी रांची में बनने वाले नये फ्लाइओवर के उद्घाटन को लेकर भाजपा नेता जिस तरह से राजनीति कर रहे हैं, उससे साफ है कि उनका मकसद जनहित नहीं बल्कि अपने चेहरे को चमकाना है। श्री दुबे ने भाजपा सांसद संजय सेठ से यह पूछा कि अगर फ्लाइओवर पूरी तरह तैयार नहीं हुआ है, फिर उद्घाटन की तारीख तय क्यों तय की गयी और अगर फ्लाइओवर निर्माण पूर्ण हो गया तो क्या केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की व्यवस्था के कारण जनता को परेशानी से जूझने के लिए छोड़ देना उचित है? भाजपा की श्रेय की राजनीति एवं चेहरा चमकाने के चक्कर में शहर की जनता को भारी जाम और अव्यवस्था झेलनी पड़ रही है। जनता की आवाजाही बाधित हो रही है, व्यापार प्रभावित हो रहा है, लेकिन भाजपा नेताओं को केवल फोटो खिंचवाने और मीडिया कवरेज में आने की जल्दी है।



झामुमो पक्षकार श्री दुबे ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा के समय में परियोजनाओं की गुणवत्ता से ज्यादा जोर इसका श्रेय लेने पर होता है। कई जगहों पर देखा गया है कि जल्दीबाजी में उद्घाटन कर दिया जाता है, बाद में मरम्मत और बदलाव के नाम पर दोबारा करोड़ों खर्च किये जाते हैं। झामुमो ने सरकार से मांग की है कि फ्लाइओवर को पूरी तरह तैयार और तकनीकी जांच के बाद ही जनता को समर्पित किया जाये। अगर केंद्र सरकार उद्घाटन में देर करती है तो जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इसको जल्द चालू किया जाये।

इस पूरे प्रकरण को लेकर आम जनता में भी नाराजगी देखने को मिल रही है। स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि फ्लाइओवर निर्माण और उद्घाटन की तैयारियों के नाम पर घंटों जाम में फंसना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले बच्चों, ऑफिस कर्मियों और आपातकालीन सेवाओं को भी भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। झामुमो ने साफ संकेत दे दिया है कि अगर भाजपा नेताओं ने जनता की परेशानी की अनदेखी कर फ्लावर उद्घाटन में देरी की तो इसे जनहित में बिना उद्घाटन के चालू कर दिया जायेगा।

## पाकुड़ अंचल निरीक्षक के घर डकैती, ले गये लाखों के गहने

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)। शहर से सटे गोकुलपुर मौजा में नवनिर्मित मकान बनाकर रह रहे सदर अंचल के अंचल निरीक्षक शिवाआशीष वात्सायन के घर बीती रात नकाबपोश 15 से 20 की संख्या में अपराधियों ने डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधी 15 से 20 की संख्या में हथियार से लैश हो आये थे और रात 9:20 में अंचल निरीक्षक के घर में घुस कर लोगों को डरा धमका कर नकद और जेवरात की लूट कर फरार हो गये। अपराधियों ने घर के सदस्यों का मोबाइल भी अपने कब्जे में ले लिया और फिर बाहर निकल कर मोबाइल को अगल-बगल में रखकर चलते बने। डकैती की घटना को अंजाम देने के वक्त अपराधियों ने घर के एक सदस्य पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। हालांकि घटना की सूचना पर एसडीपीओ डीएन आजाद, नगर थाना प्रभारी प्रयाग दास रात को ही अंचल निरीक्षक के घर पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। अंचल निरीक्षक ने घटना के बाबत नगर थाना में डेढ़ लाख नकद और पांच भर गोल्ड की लूटने की लिखित रूप से जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी मंगलवार के पूर्वाह्न घटना स्थल पर पहुंची और पूरी घटना के बारे में अंचल निरीक्षक से जानकारी ली। एसपी ने कहा कि पुलिस बहुत जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी।**

बीजेपी प्रतिनिधिमंडल ने की राज्यपाल से मुलाकात

## मदरा मुंडा के नाम पर हो रातू रोड फ्लाइओवर का नामकरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की क्षेत्रीय भाषाओं की सूची और जनहित मुद्दों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार पर आदिवासियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि जो सरकार खुद को आदिवासियों की हितैषी बताती है, वही आदिवासियों की भाषा और पहचान को दरकिनार कर रही है। बीजेपी नेताओं ने खास तौर पर मुंडारी भाषा को खूंटी जिले की क्षेत्रीय भाषा की सूची में शामिल न किये जाने पर आपत्ति जतायी। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के नाम पर राजनीति करने वाली सरकार को मुंडारी जैसी आदिवासी भाषाओं से परहेज क्यों है?



इस दौरान रातू रोड फ्लाइओवर का नामकरण भी चर्चा का विषय बना। नेताओं ने मांग की कि छोटानागपुर के राजा रहे मदरा मुंडा के नाम पर इस फ्लाइओवर का नाम रखा जाये। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से अनुरोध किया कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाया जाये।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल भानु प्रताप शाही ने कहा, राज्य सरकार छात्रों की स्कॉलरशिप जैसी मूलभूत चीजों पर ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने बीएड और वोकेशनल कोर्स करने वाले छात्रों को स्कॉलरशिप न मिलने का मुद्दा भी उठाया।

अमर बाउरी ने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में पलामू प्रमंडल, उत्तर और दक्षिण छोटानागपुर और संथाल क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंदनकियारी में बना राज्य का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज अब तक उद्घाटन का इंतजार कर रहा है। वहीं, अनुबंध पर कार्यरत अभिभूत कॉलेजों के शिक्षकों और प्रदेश में बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर को लेकर भी चिंता जतायी गयी।

अमित मंडल ने सरकार पर हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया और कहा कि जब हिंदुओं पर अत्याचार होता है तो सरकार चुप क्यों रहती है।

जेटेट की नियमावली को लेकर भी नेताओं ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि 2023 से पारित सूची को अब गलत ठहराया जा रहा है। अंगिका, भोजपुरी, मुंडारी और कुलमाड़ी जैसी भाषाओं के साथ भी सरकार दोहरा रवैया अपना रही है। बीजेपी ने राज्यपाल से इन सभी विषयों पर संज्ञान लेने और उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

www.epaper.azadsipahi.in

18 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 14, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 238

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

डॉ सोनाझारिया मिंज से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की मुलाकात



# जी 7 समिट : मोदी पहुंचे कनाडा, डोनाल्ड ट्रंप लौटे

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा, बात उससे कहीं बड़ी है
- प्रधानमंत्री फ्रांस, इटली समेत कई अन्य देशों के नेताओं से मिलेंगे




### वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा: मोदी

**नयी दिल्ली।** जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर कर लिखा कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कैलगरी पहुंचा। शिखर सम्मेलन में अलग-अलग देशों के नेताओं से मुलाकात करूंगा। साथ ही महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार साझा करूंगा। वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर भी जोर दूंगा। कनाडा में पीएम मोदी जी-7 नेताओं, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, इटली की जियोर्जिया मेलोनी, जापान के शिगेरू इशिबा, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा के साथ मेजबान मार्क कार्नी के साथ बातचीत करेंगे।

एजेंसी

**अल्बर्टा/कैलगरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कनाडा के दौरे पर पहुंचे हैं। वह कैलगरी पहुंच चुके हैं, जहां से वह अल्बर्टा प्रांत के कैननास्किस में आयोजित होने वाले 51वें जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री साइप्रस से सीधे कनाडा पहुंचे हैं। इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर मोदी कई वैश्विक नेताओं के साथ नजर आयेंगे। हालांकि, इस समिट में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुलाकात नहीं होगी। मोदी के आने से पहले ही डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका लौट गये। उन्होंने कहा कि मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा, बात उससे कहीं बड़ी है।

**सात देशों ने इजराइल का किया समर्थन :** कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में चल रहे जी7 समिट में इजराइल-इरान तनाव का असर दिख रहा है। समिट के पहले दिन जी7 देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा गया कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। इरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए।

**समिट बीच में छोड़ निकले ट्रंप :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समिट को बीच में छोड़ कर अमेरिका लौट गये।

व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल इस्ट में तनाव के चलते ट्रंप ने यह फैसला लिया है। उधर, ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इरान को परमाणु 'समझौते' पर हस्ताक्षर करना चाहिए। इरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है कि सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।

# इजराइल के मोसाद हेडक्वार्टर पर हमला इरान के सेना कमांडर शादमानी की मौत

## इरान में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी शुरू

एजेंसी

**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल और इरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। इरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के हेडक्वार्टर पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी अमैन (एएमएएन) की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। उधर, इजराइली हवाई हमले में इरान के नये वॉर चीफ मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गयी है। इजराइली हमलों में अब 224 इरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गये हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

**इरान में फंसे भारतीय छात्रों की वापसी शुरू :** इजराइल-इरान में जारी संघर्ष के बीच भारत ने अपने नागरिकों को इरान से निकालना शुरू कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया है कि कुछ भारतीय नागरिकों को आर्मेनिया बॉर्डर के रास्ते देश से बाहर निकाला गया है। इन छात्रों में ज्यादातर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले हैं, जो ईरान के उर्मिया शहर से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे हैं। इरान में 1500 छात्रों सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं।

# शराब घोटाला : पूर्व उत्पाद कमीश्नर अमित प्रकाश गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाले में एसीबी ने पूर्व उत्पाद कमीश्नर अमित प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया है। बताते चलें कि इस मामले में निलंबित आइएएस विनय चौबे, उत्पाद विभाग के तत्कालीन संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, उत्पाद विभाग के अधिकारी सुधीर कुमार, सुधीर दास व अन्य को पहले ही एसीबी गिरफ्तार कर चुकी है। ये फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

एसीबी ने पिछले दिनों इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 21 मई को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद राज्य सरकार ने इन्हें निलंबित कर दिया है।

# जगुआर के शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को मिला 2.66 करोड़ रुपये

- मुख्यमंत्री ने की मुलाकात, सम्मान राशि देकर की सहायता
- हेमंत ने कहा, झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा



### सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है : हेमंत

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार शहीद के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है। हमारी सरकार एक शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। झारखंड हमेशा अपने शहीदों का ऋणी रहेगा। उन्होंने शहीद के परिजनों का हिम्मत बढ़ाते हुए कहा कि राज्य सरकार अपने बहादुर आरक्षी सुनील धान के परिवार के साथ है। हमारी सरकार शहीद के बलिदान के सम्मान में उनके परिजनों को हरसंभव मदद करती रहेगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को आवासीय कार्यालय में झारखंड जगुआर (एसटीएफ) के शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने शहीद आरक्षी सुनील धान के परिजनों को सम्मान राशि के रूप में 2.66 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। मुख्यमंत्री ने शहीद जवान के परिजनों से सहानुभूति पूर्वक बातचीत की तथा उनकी पारिवारिक स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनकी शहादत को नमन करते हैं।

बताते चलें कि 12 अप्रैल 2025 को चाइबासा के रातामाटी गांव के घने जंगल में नक्सली अभियान के दौरान आइइडी विस्फोट की चपेट में आने से झारखंड जगुआर के सुनील धान गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्हें बेहतर चिकित्सा के लिए एयरलिफ्ट कर रांची भेजा गया, जहां इलाज के क्रम में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके परिजनों को पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत निर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता राशि का चेक सौंपा। वहीं गृह विभाग द्वारा 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपये की राशि उनके स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अकाउंट में क्रेडिट किये गये।

मुख्यमंत्री से शहीद आरक्षी सुनील धान की मां फगनी उराइन, पत्नी गंदरी धान, दो छोटे-छोटे पुत्र प्रियांश और अनिकेत ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शहीद आरक्षी सुनील धान की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें, तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं। शहीद की पत्नी ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनके बच्चे अभी काफी छोटे हैं। आने वाले दिनों में वे नौकरी करने के संबंध में विचार करेंगी। हेमंत ने कहा कि आप सभी परिजन हिम्मत और धैर्य के साथ आगे बढ़ें, राज्य सरकार सदैव आपके दुःख-सुख में साथ खड़ी रहेगी।








# तीन जुलाई को होगा रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन

- रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी जानकारी
- पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को 19 जून को करना था उद्घाटन
- 400 करोड़ रुपये की लागत से 26 महीने में तैयार हुआ
- एक लाख लोगों को जाम से मिलेगी मुक्ति



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची की बहुप्रतीक्षित रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर एवं फ्लाइओवर तैयार हो चुका है। इसका उद्घाटन 3 जुलाई को केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शुभारंभ करेंगे। केंद्रीय मंत्री की ओर से तारीख को लेकर सहमति दे दी गयी है। अब तक इसका शुभारंभ होने की तारीख 19 जून तय था। यह जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने दी है। इससे पहले उन्होंने सोमवार को एनएचआइ के अधिकारियों के साथ बात की। संजय सेठ ने निर्देश दिया कि पिलरों पर भी तिरंगे के रंग में लाइटिंग की जायें। लाइटें लगाने का काम शुरू हो चुका है। उधर, नीचे पिलरों के बीच में खाली पड़ी जगह पर घास और पौधे लगाने का काम भी अंतिम चरण में है।

**रातू रोड क्षेत्र के लोगों को मिलेगी जाम से मुक्तिः** इस बहुप्रतिक्षित फ्लाइओवर का इंतजार रांची एवं खासकर रातू रोड की जनता वर्षों से कर रही थी, जो अब पूरा होने जा रहा है। यह सौगात 3 जुलाई को रांची की जनता को मिलने जा रही है। पंडरा, आइटीआइ की ओर से रातू रोड आने वाले लोगों को सुबह एवं शाम को जाम के कारण आधे से एक घंटे तक का समय लगता था। अब जिन्हें पिस्का मोड़ से रातू रोड, कचहरी रोड या कांके रोड जाना है, वे नागा बाबा खटाल तक की दूरी केवल सात मिनट में पूरी कर सकेंगे। इससे रातू रोड की एक लाख से अधिक की आबादी को भी राहत मिलेगी।

## 26 महीनों में बनकर तैयार हुआ फ्लाइओवर

3.57 किमी लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण नवंबर 2022 में शुरू हुआ था और इसे जनवरी 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य था। हालांकि जमीन अधिग्रहण और तकनीकी कारणों से इसमें चार महीने का अतिरिक्त समय लग गया। यह प्रोजेक्ट कुल 26 महीनों में पूरा हुआ। इसे एनएचएआइ ने तैयार कराया है, जबकि निर्माण कार्य की जिम्मेदारी केसीसी बिल्डकॉन को सौंपी गयी थी। परियोजना पर कुल 400 करोड़ रुपये खर्च हुए, जिसमें जमीन अधिग्रहण और यूटिलिटी शिफ्टिंग की लागत भी शामिल है।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की प्रदेश अध्यक्ष बनीं रानी कुमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी जानी-मानी समाज सेविका रानी कुमारी को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष साधना ओझा ने किया। रानी कुमारी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन संबंधित पत्र प्रेषित करते हुए श्रीमती ओझा ने उनसे झारखंड में मानवाधिकार हनन के मामलों की रोकथाम की दिशा में प्रयासरत रहने और पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की अपेक्षा की है। वहीं, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत होने पर रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड में मानवाधिकार हनन के बढ़ते मामलों की रोकथाम के लिए संगठन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समाज के एक सजग प्रहरी के रूप में कार्यरत रहेंगी।

## नेता प्रतिपक्ष ने खेल विभाग के टेंडर में गड़बड़ी का लगाया आरोप

# सरकार को हुआ 6 करोड़ का नुकसान : बाबूलाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** प्रदेश भाजपा ने राज्य के खेल विभाग के एक टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर सवाल उठाते हुए कहा है कि हेमंत सरकार के खेल विभाग ने स्पोर्ट्स किट की खरीद में बड़ा घोटाला किया है। भाजपा का दावा है कि खेल विभाग ने टेंडर प्रक्रिया के तहत एलवन कंपनी को ठेका देने के बजाय एल-टू कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट दे दिया, जो ऊंची दर पर सामान दे रही है। इससे सरकारी खजाने को लगभग 6 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

**निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग :** भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि इस मामले में विभागीय मंत्री और संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने भी इस मुद्दे को उठाया है और सीएम से टेंडर को अविलंब रद्द कर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# उचित प्लेटफॉर्म पर सबूत पेश करें बाबूलाल मरांडी : विनोद पांडेय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने खेल विभाग में स्पोर्ट्स किट खरीद को लेकर भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर कहा कि बाबूलाल मरांडी को तथ्यों की पूरी जानकारी नहीं है। टेंडर प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की गयी है और किसी भी कंपनी को नियमों का उल्लंघन कर अनुचित लाभ नहीं पहुंचाया गया है। झामुमो की तरफ से बार-बार कहा जा रहा है कि भाजपा आरोप लगाने की बजाय उचित प्लेटफॉर्म पर सुबूत पेश करे। अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही भाजपा को झूठे आरोपों की राजनीत से परहेज करना चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा कि भाजपा के पास न तो कोई जनहित का एजेंडा है और न ही जनता से कोई सरोकार। सिर्फ आरोपों की राजनीति से वह झारखंड की तरक्की को रोकना चाहती है, लेकिन राज्य की जनता अब भाजपा की साजिशों को अच्छी तरह समझ चुकी है और हर मोर्चे पर उसका जवाब दे रही है।

# हाइकोर्ट की सुरक्षा खतरे में, उपकरण थर्ड ग्रेड के : प्रतुल

## स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट पर सीएम और डीजीपी संज्ञान लें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने दावा किया कि जून 2024 में पुलिस स्पेशल ब्रांच की हाइपावर कमेटी (जिसकी अध्यक्षता डीआइजी स्पेशल ब्रांच ने की थी) ने एक रिपोर्ट तैयार की थी। इस रिपोर्ट में हाइकोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट परिसर की सुरक्षा के लिए खरीदे गये अंडर व्हीकल सर्च मिरर, डीप सर्च माइन डिटेक्टर और एक्सप्लोसिव डिटेक्टर जैसे उपकरण सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरे। उपकरण तीगुने दाम पर खरीदे गये। प्रतुल ने सीएम और डीजीपी से स्पेशल ब्रांच की रिपोर्ट पर संज्ञान लेने की अपील की। मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रतुल ने कहा कि यह स्तब्ध कर देने वाला और अत्यंत चिंताजनक मामला है कि राज्य की एक प्रमुख संवैधानिक संस्था की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। सरकार ने पूर्व में हाइकोर्ट की सुरक्षा के लिए पुराने हो चुके सुरक्षा उपकरणों के बदले नये उपकरणों की खरीद तीन गुना अधिक कीमत पर की। हालांकि इसे भी बगैर टेंडर किया गया। जून 2024 में राज्य सरकार के ही स्पेशल ब्रांच ने अपनी रिपोर्ट में राज्य सरकार को बता दिया कि जो भी उपकरण लगाये गये हैं, उसकी गुणवत्ता बेकार है। वे किसी भी तरह से प्रभावी नहीं हैं। प्रतुल के मुताबिक, थर्ड ग्रेड के लायक भी उपकरण नहीं होने की सूचना जब सरकार को सालभर पहले मिल गयी थी तो अबतक इसे बदला क्यों नहीं गया। या तो फिर सरकार ने पुराने उपकरणों को ही लगाये रखा या फिर घटिया उपकरण खरीदे गये। चूंकि हजारीबाग, देवघर, जमशेदपुर जैसी जगहों पर कोर्ट परिसर में भी आपराधिक वारदात हो चुकी है। ऐसे में हाइकोर्ट की सुरक्षा बेहतर उपकरणों संग सुनिश्चित की जानी चाहिए। इस मामले में सीएम और डीजीपी टेंडर प्रक्रिया में शामिल अफसरों, एजेंसियों के खिलाफ एक्शन लें और जल्द से जल्द हाइकोर्ट की सुरक्षा सुनिश्चित करें। ज्यूडिशियरी की सुरक्षा हर हाल में सर्वोत्तम दर्जे की होनी चाहिए। इस मौके पर मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित थे।

# भाजपा के झूठे आरोपों की राजनीति से जनता गुमराह नहीं होगी : झामुमो

- भाजपा के हाइकोर्ट सुरक्षा उपकरणों को लेकर लगाये गये आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पूरी तरह भ्रामक और तथ्यविहीन बयान है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के हालिया आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि विपक्ष निराधार और राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित झूठे आरोप लगाकर राज्य की जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब सत्ता में थी, तब घोटालों की श्रृंखला खुद उनके शासन में रही। चाहे वह कोयला घोटाला हो, या पीडीएस अनियमितताएं। पांडेय ने भाजपा के हाइकोर्ट सुरक्षा उपकरणों को लेकर लगाये गये आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह पूरी तरह भ्रामक और तथ्यविहीन बयान है। किसी भी स्तर पर न्यायपालिका की सुरक्षा को खतरे में डालने का प्रश्न ही नहीं उठता।

# झामुमो बिहार में लड़ने को बेताब, झारखंड की चिंता नहीं : आजसू



- बलिदान दिवस तैयारी को लेकर आजसू पार्टी रांची महानगर की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा है कि वर्तमान हेमंत सरकार जनता के साथ छल कर रही है। झामुमो ने चुनाव के समय जो वायदे किये थे, उन्हें मुख्यमंत्री भूल चुके हैं। झामुमो को झारखंड की जनता की चिंता नहीं है। हेमंत सोरेन बिहार में चुनाव लड़ने के लिए बेताब हैं, जबकि लालू यादव उन्हें कोई भाव ही नहीं दे रहे। उन्होंने आजसू के रांची महानगर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा बलिदान दिवस पर आजसू पार्टी गठबंधन सरकार के कुशासन के खिलाफ संघर्ष का बिगुल फूंकेगी। आजसू पार्टी रांची महानगर के कार्यकर्ता 22 जून को आयोजित बलिदान दिवस की तैयारी में जुट गये हैं। महानगर कार्यकर्ताओं की बैठक मंगलवार को केंद्रीय कार्यालय, हरमू में हुई, जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष ज्ञान सिन्हा ने की, जबकि संचालन केंद्रीय सचिव बनमाली मंडल ने किया। बैठक में कार्यक्रम की तैयारी के लिए वार्ड प्रभारियों की नियुक्ति की गयी।

बैठक में प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि यह समारोह न केवल शहीदों को स्मरण करने का अवसर होगा, बल्कि झारखंड की वर्तमान स्थिति के मूल्यांकन का भी मौका भी होगा। श्री प्रभाकर ने महानगर कार्यकर्ताओं को व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में केंद्रीय नइम अंसारी, परवाज खान, रमेश गुप्ता, बिरेंद्र प्रसाद, राकेश सिंह, जय श्रीवास्तव, सज्जाद अंसारी, अमित वर्मा, देवाशीष चट्टोराज, अभिषेक त्रिवेदी, ज्योतिष त्रिवेदी, मिंटू कुमार, संजीव कुमार, अभय कुमार, गौतम सिंह, आनंद राज, संतोष दुबे, डॉ पार्थ परितोष, कौशल तिवारी आदि उपस्थित थे।

## आनंद राज बने महानगर उपाध्यक्ष, अभय बने सचिव

बैठक में आनंद राज को महानगर उपाध्यक्ष और अभय कुमार को सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। प्रवीण प्रभाकर ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा और शुभकामनाएं दीं।

# झारखंड निर्माण के अगुवा बिनोद बिहारी महतो के नाम हो रातू रोड एलिवेटेड फ्लाइओवर : डॉ लंबोदर महतो

- पूर्व विधायक ने केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री से की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने रातू रोड से पिस्का मोड़ के बीच नवनिर्मित ऐलिवेटेड फ्लाइओवर का नामकरण झारखंड आंदोलन के अगुवा और झारखंड राज्य निर्माण में अवर्णनीय भूमिका वाले सांसद व विधायक रहे बिनोद बिहारी महतो करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

उन्होंने यह मांग केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से कहा है कि बिनोद बिहारी महतो को जन सेवक समाज के रूप में समाज को शिक्षित करने में भी उनकी अपनी उल्लेखनीय भूमिका को भी हम सब याद रखते हैं।

इसको देखते व समझते हुए हम यह आशा और उम्मीद करते हैं की रातू रोड से पिस्कामोड़ तक नवनिर्मित एलिवेटेड फ्लाइओवर का नामकरण बिनोद बिहारी महतो करने को लेकर आवश्यक व समुचित कार्रवाई करेंगे।

उन्होंने कहा कि इस एलिवेटेड फ्लाइओवर के लिए केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी धन्यवाद के पात्र हैं।

# बिहार और झारखंड पहुंचा मानसून, 19 राज्यों में बारिश

- राजस्थान में प्री मानसून एक्टिव, उत्तर प्रदेश समेत चार राज्यों में बिजली गिरने से 19 की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली/मुंबई।** दक्षिण पश्चिम मानसून मंगलवार को बिहार-झारखंड पहुंच गया है। चार जिलों औरंगाबाद, किशनगंज, कटिहार और बांका में सुबह तेज बारिश हुई। सोमवार को मानसून ने गुजरात-मध्य प्रदेश में एंट्री की थी। महाराष्ट्र के विदर्भ, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कुछ इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ा है। वहीं, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में बिजली गिरने से 19 लोगों की मौत हो गयी। मौसम विभाग ने गुजरात और सौराष्ट्र में भारी बारिश का रेड, जबकि मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 17 राज्यों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर राजस्थान में प्री-मानसून की बारिश जारी है। सोमवार को जयपुर, अजमेर समेत 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। मंगलवार को भी 26 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है, अगले दो दिन में मानसून गुजरात, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ के शेष हिस्सों में आगे बढ़ने के साथ ही उत्तर प्रदेश में दस्तक दे सकता है। इस हफ्ते के अंत तक मानसून पश्चिमी उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के कुछ हिस्सों तक भी पहुंच जायेगा।

## दो दिवसीय दौरे पर 18 को रांची आयेंगे के राजू

रांची (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को रांची पहुंचेंगे। इसके बाद कांग्रेस प्रभारी हरमू रोड स्थित कार्निवाल बैंक्वेट हॉल में आयोजित रांची नगर निगम के कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ बैठक कर निगम चुनाव पर चर्चा करेंगे। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने मंगलवार को बताया कि 19 जून को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस पर रांची प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित जिला पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में संवाद करेंगे और रामगढ़ जिला के अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों के साथ संगठन सृजन अभियान पर बैठक कर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश देंगे।

# डीसी का औचक निरीक्षण, दफ्तरों में मिली लापरवाही, कई को नोटिस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जिले के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए में कई सरकारी दफ्तरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने देखा कि कई कर्मचारी गायब थे, कुछ बिना पहचान पत्र (आइडी कार्ड) के घूम रहे थे और कई टेबल पर नाम की प्लेट तक नहीं लगी थी। इस लापरवाही पर उन्होंने नाराजगी जतायी और तुरंत एक्शन लिया।

**कौन-कौन फंसे लापरवाही में :** जिला कल्याण शाखा में दो कर्मचारी-नलिता कुमारी महतो और विकास जायसवाल, ये दोनों दफ्तर से नदारद थे। दोनों को कारण बताओ नोटिस (शो कॉज) दिया गया। वहीं मुख्य लिपिक दिलीप कुमार बिना आइडी कार्ड के मिले। उन्हें भी नोटिस दिया गया। क्लर्क दिनेश पासवान की टेबल पर नाम की प्लेट नहीं थी, उन्हें भी फटकार लगी। भू-अर्जन कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर आदर्श कुमार सिंह भी आइडी कार्ड के बिना मिले, उन्हें भी जवाब देने को कहा गया।

**साफ-सफाई और टाइम की पाबंदी जरूरी :** उपायुक्त ने साफ कहा कि सभी दफ्तरों में सफाई ठीक होनी चाहिए और कर्मचारी समय पर आयें आइडी कार्ड पहनना, टेबल पर नाम की प्लेट लगाना और जनता के काम को वक्त पर निपटाना अब जरूरी होगा।

**एडीएमजे ऑफिस की तारीफ :** जब उपायुक्त अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएमजे) के दफ्तर पहुंचे, तो वहां सब कुछ साफ-सुथरा और व्यवस्थित मिला। उपायुक्त ने इसकी तारीफ की और कहा कि बाकी दफ्तरों को भी इससे सीख लेनी चाहिए।

**शिक्षा विभाग को भी चेतावनी :** जिला शिक्षा अधीक्षक के ऑफिस में भी निरीक्षण हुआ। उपायुक्त ने सभी कर्मचारियों की मौजूदगी, आइडी कार्ड और नेम प्लेट चेक किया और जरूरी निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि हमारा मकसद है कि लोगों को सरकारी दफ्तरों में समय पर और सही सेवा मिले। जो भी देर से आयेंगे या बिना बताये गायब रहेंगे, उन पर कार्रवाई जरूर होगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 28.6 °c | 15.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.06 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.05 बजे | |



# दो केंद्रीय मंत्री और राज्य के वित्त मंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात







आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को दो केंद्रीय मंत्रियों और राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अलग-अलग मुलाकात की। सबसे पहले केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राजभवन पहुंचकर राज्यपाल से मुलाकात की। राजभवन की ओर से इसे शिष्टाचार भेंट बताया गया। इसके बाद केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ भी राज्यपाल से मिले। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई। इसके बाद झारखंड के वित्त, वाणिज्य कर, योजना एवं विकास और संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने भी राज्यपाल से भेंट की। इस मौके पर उन्होंने राज्यपाल को वित्त विभाग, झारखंड सरकार द्वारा प्रकाशित मेमोरेंडम ऑफ 16वीं फाइनेंस कमिशन की प्रति भेंट की।

## डॉ सोनाझारिया मिंज से मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की मुलाकात, आदिवासी मुद्दों पर हुई चर्चा



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ सोनाझारिया मिंज से कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से उनके आवास पर मुलाकात के दौरान आदिवासी मुद्दों पर लंबी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि डॉ सोनाझारिया मिंज की नियुक्ति झारखंड वासियों के साथ-साथ आदिवासी समाज के लिए भी गौरव की बात है। उन्होंने डॉ मिंज की व्यवहार कुशलता और सामाजिक ज्ञान की सराहना की। डॉ सोनाझारिया मिंज की नयी भूमिका से आदिवासी भाषा, संस्कृति और विरासत को मजबूती मिलने की उम्मीद है। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर झारखंड की आदिवासी विरासत के साथ वर्तमान चुनौतियों को रखने में अब मदद मिलेगी।

# 66 इंस्पेक्टर को डीएसपी में प्रोन्नति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत 66 पुलिसकर्मियों को डीएसपी के पद पर प्रोन्नति देने का निर्णय हुआ है। मंगलवार को जेपीएससी कार्यालय में प्रोन्नति से संबंधित बैठक हुई। बैठक में 66 पुलिसकर्मियों को प्रोन्नति देने का निर्णय हुआ। इसकी अधिसूचना जल्द जारी की जायेगी। प्रोन्नति के मामले में मंगलवार को गृह सचिव को सशरीर उपस्थित होने का कोर्ट ने आदेश दिया था।

इसके पहले आनन-फानन में बैठक कर प्रोन्नति का मामला निपटाया गया। अब इस मामले में अगली सुनवाई 24 जून को होगी। उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गृह विभाग के आदेश जिसमें कहा गया था कि इंस्पेक्टर को फीडर कैडर माना जायेगा इसे निरस्त कर दिया गया है।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com



डीएवी पब्लिक स्कूल
बभने, चतरा-गया रोड, चतरा (झारखंड)
☎ 06541-299917
निविदा सूचना
बस की आवश्यकता
52 सीटर -1, 42 सीटर -3 एवं 36 सीटर -1
- विज्ञापन प्रकाशन के दिन से एक सप्ताह तक (25 जून) विद्यालय कार्यालय में कार्य अवधि पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक लिफाफा बंद निविदा ली जाएगी।
- निविदा लेने के तय सीमा के दूसरे दिन (26 जून) को निविदा खोली जाएगी जिसमें निविदाकर्ता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को उपस्थित रहना अनिवार्य है।
- भारत सरकार द्वारा तय मानक के अनुसार बस मालिक को सभी अहर्ता पूरी करनी होगी एवं भारत सरकार के गाइडलाइन के अनुसार कार्य करने की जिम्मेवारी होगी।
- निविदा प्रक्रिया पूरी होने के पश्चात किसी प्रकार की सुनवाई या विचार नहीं किया जाएगा।
- एग्रीमेंट की अवधि 11 महीने की होगी।
- बस का संचालन विद्यालय प्रबंधन के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।
- बस का उपयोग स्कूल के बच्चों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा निर्धारित गंतव्य स्थान तक लाने पहुंचाने एवं स्कूल कार्यों में किया जाएगा।
- अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताए निविदा रद्द करने या स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
- अधिक जानकारी के लिए विद्यालय के कार्यालय में कार्य अवधि में सम्पर्क करें।

ह0/-
ए.के. चौबे
प्राचार्य



CHANAKYA IAS ACADEMY
32 Years of Excellence, More than 5200+ Selections so far...
Prepare for UPSC/JPSC/BPSC
आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
SUNDAY ALSO OPEN...
FROM CLASS 12th
Upgraded Foundation Course™
A Complete Solution for
PRELIMS MAINS INTERVIEW
CHANAKYA IAS ACADEMY
Nurturing Leaders of Tomorrow
SINCE-1993
HAZARIBAGH
9155596775
ADMISSIONS OPEN
Kaushaliya Plaza, Near Old Bus Stand
www.chanakyaiasacademy.com



SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?..................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847



कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
पारिस्थितिक संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाए विषय पर कार्यशाला सह संगोष्ठी
दिनांकः-19.06.2025 से 20.06.2025
उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि
श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की
अध्यक्षता
राजीव रंजन प्रसाद
अध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
गरिमामयी उपस्थिति
राजू गिरी
उपाध्यक्ष, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची
विशिष्ट अतिथि
अबुबकर सिद्दीक पी०, सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार
श्रीमती किरण पासी, निदेशक पशुपालन, झारखण्ड रांची
व्याख्यान हेतु मुख्य वक्ताओं की सूची
श्री सुनील मानसिंहका, डॉ० वल्लभभाई कथीरिया, डॉ० सत्यप्रकाश वर्मा, श्री देवाराम पुरोहित, श्री मनोज कुमार, ई० गौरव गुप्ता, श्री मदन कुशवाहा, श्री सिद्धार्थ जायसवाल, श्री अजय भरतिया, डॉ० सुदर्शन विश्वास, श्रीमती किरण पासी, डॉ० आर० के० पुंडीर, डॉ० अखिलेश पाण्डेय एवं डॉ० एस० के० मित्तल
स्थान : पशुपालन भवन सभागार, हेसाग हटिया, रांची
P.R. 355100 (Animal Husbandry) 25-26
निवेदक
सचिव, झारखण्ड गो सेवा आयोग, रांची



झा.मु.मो.
हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड लगातार आगे बढ़ रहा है
और आगे बढ़े यही कामना है
आजाद सिपाही 10 YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION
आजाद सिपाही के स्थापना दिवस पर आजाद सिपाही परिवार को को हार्दिक बधाई
निवेदक
विष्णु अग्रवाल
समाजिक कार्यकर्ता, राँची

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW


आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 18 जून, 2025
www.azadsipahi.in


## जिला प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वालों को किया अलर्ट

# रांची में कल से मूसलाधार बारिश की चेतावनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी चेतावनी के बाद नागरिकों से अपील की है कि वे निचले इलाकों से दूरी बनाये रखें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। 19 जून की सुबह 8:30 बजे से 20 जून 2025 की सुबह 8:30 बजे तक भारी से अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है, जिससे कई समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।




### संभावित प्रभाव:

**-परिवहन और बिजली आपूर्ति में व्यवधान:** भारी बारिश के कारण यातायात और बिजली आपूर्ति प्रभावित हो सकती है।

**निचले इलाकों में जलभराव:** जलभराव के कारण लोगों को परेशानी हो सकती है।

**कमजोर संरचनाओं और कच्ची सड़कों को नुकसान:** भारी बारिश से इमारतों और सड़कों को नुकसान पहुंच सकता है।

**जान और माल का खतरा:** भारी बारिश से जान और माल की हानि हो सकती है.

### एहतियाती उपाय:

**1. निचले इलाकों से बचें:** निचले इलाकों में जाने से बचें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

**2. गैर-जरूरी यात्रा से बचें:** यदि संभव हो तो यात्रा से बचें और सड़कों पर जलभराव की स्थिति में सावधानी बरतें।

**3. बिजली उपकरणों का उपयोग सावधानी से करें:** बिजली उपकरणों का उपयोग सावधानी से करें और बिजली आपूर्ति बाधित होने पर स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

**4. आपदा प्रबंधन टीमों के निर्देशों का पालन करें:** आपात स्थिति में स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन टीमों के निर्देशों का पालन करें।

# ईश्वर रूपी धन जितना खर्च होगा उतना ही बढ़ेगा : श्रीकांत शर्मा

## श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर भव्य स्वागत और अभिनंदन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अग्रसेन भवन के सभागार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर परम गुरु श्रीकांत शर्मा का श्री श्याम मंडल, मारवाड़ी ब्राह्मण सभा, श्री शिव मंडल, अग्रवाल युवा सभा, सुंदर कांड संस्था रांची के सदस्यों द्वारा स्वागत और अभिनंदन किया गया। श्री मदभागवत कथा के पंचम दिवस पर मुख्य यजमान लता देवी केडिया, ओम प्रकाश केडिया, निरंजन, अजय, संजय केडिया संग परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत व्यास पूजन किया गया। श्रीकांत शर्मा ने कथा में कहा कि ईश्वर रूपी धन जितना खर्च होगा, उतना ही बढ़ेगा। भारत ऋषि और कृषि प्रधान देश है। गायें बचेगी, तो देश बचेगा। भगवान को पाना हो या बड़ा आदमी बनना हो, तो मन को बड़ा बनायें। इस अवसर पर कई झांकी निकाली गयी इसमें भगवान शंकर के स्वरूप की झांकी का दर्शन। कृष्ण के बाल रूप और बलराम की झांकी का दर्शन कराया गया। कथा स्थल पर महिलाओं और बच्चों की भारी संख्या थी। मुख्य यजमान ओम प्रकाश केडिया सपत्नी द्वारा परम गुरु जी का अभिनंदन और स्वागत किया गया। वहीं चंद्रप्रकाश बागला, धीरज बंका, राजेश सारस्वत, अशोक पुरोहित आदि ने महाराज श्री को माल्यार्पण और अंग वस्त्र देकर अभिनंदन किया।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे का ऐतिहासिक कायाकल्प : अश्विनी वैष्णव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मानेसर (हरियाणा)।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्षों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले दशकों तक रेलवे उपेक्षा का शिकार रहा, जहां मात्र 25-30 हजार करोड़ का वार्षिक निवेश होता था। लेकिन अब यह निवेश बढ़कर ?2.5 लाख करोड़ तक पहुंच गया है, जो रेलवे के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास को रफ्तार दे रहा है। श्री वैष्णव ने कहा, रेलवे में वर्षों से जमा हुई लेगेसी समस्याएं अब एक-एक कर समाप्त हो रही हैं। स्टेशन, ट्रेन, शौचालय, ट्रैक, सफाई, तकनीक-हर क्षेत्र में व्यापक सुधार किया गया है। यात्रियों को नयी सुविधाएं दी जा रही हैं और इंडस्ट्री के साथ मिलकर एकीकृत विकास को प्राथमिकता दी जा रही है।



श्री वैष्णव ने हरियाणा के मानेसर में मारुति प्लांट में रेलवे साइडिंग सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए प्रमुख घोषणाएं और उपलब्धियां गिनायीं

**100 नयी मेन लाइन इएमयू गाड़ियां :** पैसेंजर गाड़ियों को अपग्रेड करने के लिए अब 16 और 20 कोच की मेन लाइन इएमयू गाड़ियां बनायी जायेंगी। अब तक 8 या 12 कोच की मेमू बनती थीं। यह परियोजना तेलंगाना के काजीपेट में शुरू हो रही एक नयी फैक्ट्री में क्रियान्वित की जायेगी। इससे शॉर्ट डिस्टेंस ट्रैवल को बड़ी राहत मिलेगी।

**50 नयी नमो भारत एसी पैसेंजर गाड़ियां :** 'नमो भारत' गाड़ियों को यात्रियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। अब 50 नयी एसी पैसेंजर ट्रेनें जोड़ी जायेंगी। इससे पहले अहमदाबाद-भुज और पटना-जयनगर के बीच दो गाड़ियां शुरू की गयी थीं। कुल मिलाकर 150 नयी पैसेंजर गाड़ियां सेवा में आयेंगी।

**1200 से अधिक नये जनरल कोच**

बीते वर्ष में रेलवे ने यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए 1200 से अधिक जनरल कोच जोड़े हैं। यह अभियान पिछले 2.5 वर्षों से लगातार चलाया जा रहा है। **अमृत भारत स्टेशन योजना**

अब तक 1300 अमृत भारत स्टेशन का काम स्वीकृत किया गया है। इनमें से 103 स्टेशन हाल ही में बनकर तैयार हुए हैं और प्रधानमंत्री ने बीकानेर से इसका लोकार्पण किया। दिसंबर 2025 तक 100 और स्टेशन तथा वर्ष 2026 तक 500 और स्टेशन पूरे किये जायेंगे।

**टिकटिंग प्रणाली में सुधार**

तत्काल टिकट बुकिंग में बॉट्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए 1 जुलाई से केवल सत्यापित यात्रियों को ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा मिलेगी। विंडो बुकिंग पर भी अनिवार्य होगी।

**चार्ट पब्लिशिंग में नवाचार**

बीकानेर डिवीजन ने एक अभिनव पहल के तहत चार्ट को 24 घंटे पहले प्रकाशित करना शुरू किया है (पहले 4 घंटे पूर्व होता था)। इससे यात्रियों में अनिश्चितता कम हुई है और उन्हें बेहतर योजना बनाने में सुविधा हो रही है।

**वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों का विस्तार :** अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या जल्द ही 6 और बढ़ेगी। 50 और ट्रेनों का निर्माण जारी है। वंदे भारत ट्रेनों को भी लगातार नये रूट्स पर बढ़ाया जा रहा है।

**फ्रेट कॉरिडोर और मालवाहक सेवाएं :** भारत अब विश्व में माल ढुलाई और यात्री परिवहन-दोनों में दूसरे स्थान पर है। पिछले साल 720 करोड़ यात्रियों ने रेलवे से सफर किया और 1617 मिलियन टन माल ढोया गया। फ्रेट कॉरिडोर अब पूरी तरह क्रियाशील है और प्रतिदिन लगभग 400 मालगाड़ियां इस पर चल रही हैं।

**गति शक्ति मल्टी-मॉडल टर्मिनल्स :** प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स को सशक्त करने के लिए 2021 में रेलवे ने बड़े रिफॉर्म्स किये, जिसके परिणामस्वरूप 108 मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल्स अल्प समय में बनकर तैयार हो गये हैं। हरियाणा में स्थित टर्मिनल, जहां यह घोषणा की गयी, वह 45 एकड़ में फैला है और इसकी माल वहन क्षमता 4.5 लाख कारों तक की है।

## क्रैश के बाद पांच दिन में दूसरी बार अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट रद्द

**कोलकाता।** अहमदाबाद में मंगलवार को प्लेन क्रैश की घटना के बाद पांच दिन में अहमदाबाद से लंदन जा रही एअर इंडिया की लगातार दूसरी फ्लाइट रद्द कर दी गयी है। इसके पीछे तकनीकी खामी को वजह बताया गया है। फ्लाइट संख्या एआइ-159 अहमदाबाद से दोपहर 1:10 बजे लंदन के लिए उड़ान भरने वाली थी। जानकारी के मुताबिक फ्लाइट के टेकऑफ से कुछ घंटे पहले ही इस तकनीकी खराबी का पता चला। वहीं, फ्लाइट रद्द होने के बाद एक यात्री ने कहा कि इस तरह से जनता को परेशान मत करो। यहां आने के बाद बताते हैं कि फ्लाइट रद्द कर दी गयी है। अब 250 लोग क्या करेंगे? कहां रहेंगे। एयरलाइंस की तरफ से कोई उचित व्यवस्था नहीं है। इधर, लंदन वाली फ्लाइट के अलावा दिल्ली से पेरिस जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआइ 142 भी टेक्निकल परेशानी आने पर रद्द की गयी। फ्लाइट की उड़ान से पहले जांच की जा रही थी, तभी टेक्निकल परेशानी दिखी। बताते चलें कि सोमवार को भी अहमदाबाद से लंदन की फ्लाइट रद्द की गयी थी। उधर, एअर इंडिया ने कहा है कि परेशानी को दूर किया जा रहा है। यात्रियों के होटल में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। टिकट कैंसिल कराने वाले यात्रियों को पूरा पैसा लौटाया जा रहा है।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने158वां श्री सुंदरकांड का आयोजन किया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल ने मंगलवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 158वां श्री सुंदरकांड और श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की गयी और केसरिया पेड़ा, गुड़ चना और फल का भोग लगाया गया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत और ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया।

उपस्थित जनों से सुंदरकांड का संगीतमय पाठ करवाया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर-के महाआरती की गयी और भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। राजेश सिंह और शशि सिंह स्मृति शनाया ने पंचमेवा भोग सेवा निवेदित की। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, राजेश सिंह, वर्षा सिंह स्मृति शनाया, कृष्णा अग्रवाल, हर्ष कुमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

# लाल प्रेम प्रकाश शाहदेव ने एसएसपी से कार्रवाई की मांग की

**आवेदन देकर मो शाकिर पर समाज को बांटने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एचइसी विस्थापित क्रांति दल के अध्यक्ष लाल प्रेम प्रकाश शाहदेव ने एआइएमआइएम पार्टी के मो शाकिर पर समाज को बांटने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सोमवार को लाल प्रेम प्रकाश शाहदेव ने रांची एसएसपी को लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मो शाकिर और चार पांच अज्ञात व्यक्तियों द्वारा




रोस्पा टावर स्थित महताब आलम द्वारा किराये पर लिये गये व्यावसायिक दुकान से वीडियो जारी कर समस्त सनातनी लोगों के साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपशब्द कहते हुए और झारखंड पुलिस को अल्पसंख्यकों का हत्यारा बताते हुए वीडियो जारी किया है। इसमें झारखंड पुलिस और वर्तमान झारखंड सरकार के खिलाफ भड़काने और राज्य की शांति व्यवस्था अस्थिर करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। वहीं इस संबंध में मंगलवार को एचइसी विस्थापित क्रांति दल के सदस्यों ने बैठक कर पूरे प्रकरण की निंदा की। साथ ही सदस्यों ने प्रशासन से ऐसे मानसिकता वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की। लाल प्रेम प्रकाश शाहदेव ने कहा कि अब हम सनातनी ऐसे लोगों की बदजुबानी बर्दाश्त नहीं करेंगे। प्रशासन जल्द इसपर कार्रवाई करें, लोगों में इस बयान से काफी आक्रोश है। उन्होंने मो शाकिर द्वारा पूर्व में लव जिहाद के संबंध में किये गये दावों का भी उल्लेख किया है और प्रशासन की चुप्पी पर आश्चर्य जताया है। उन्होंने कहा कि नामकुम थाना क्षेत्र के हाइटेंशन इंडस्ट्रियल एरिया के पास हाइटेंशन कॉलोनी में मवेशी चुरा रहे दो युवकों की स्थानीय लोगों ने पिटाई की थी। नामकुम थाना क्षेत्र में घटित निंदनीय घटना के उपरांत रांची पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर 48 घंटा के अंदर मुख्य साजिशकर्ता को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया। लेकिन मो शाकिर और उनके अन्य साथियों द्वारा इसके बाद भी सोशल मीडिया पर विभिन्न माध्यमों से वीडियो को जारी करना स्पष्ट दर्शाता है कि मो शाकिर उक्त घटना की आड़ में एक समुदाय विशेष को झारखंड सरकार और झारखंड पुलिस के खिलाफ भड़का कर झारखंड राज्य की शांति व्यवस्था भंग कर झारखंड में जातीय हिंसा फैलाकर झारखंड पुलिस और झारखंड सरकार की छवि खराब करना चाहते हैं। इस मौके पर मेघनाथ महतो, रमेश उरांव, अनिल महतो, दीपक कुमार राय, प्रसाद बड़ाइक, गोपाल गुप्ता, जयनाथ नायक सहित अन्य मौजूद थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज (स्वायत्त) रांची में स्नातक के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**रांची (आजाद सिपाही)।** संत जेवियर्स कॉलेज (स्वायत्त) रांची में अकादमिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक के 30 कोर्सों में नामांकन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। कॉलेज में आवेदन करने के लिए चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भरा जा रहा है। आवेदन की अंतिम तिथि 19 जून 2025 है। इसमें बीएससी (भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, प्राणी शास्त्र, भूगर्भ शास्त्र, गणित व सांख्यिकी ऑनर्स), बीकॉम (एकाउंट्स ऑनर्स), बीए (अंग्रेजी, हिंदी, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र ऑनर्स), बीसीए, बीबीए आदि विषय शामिल है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने बताया कि विद्या का अंतिम लक्ष्य चरित्र निर्माण होने के साथ कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों के सवंर्गीण विकास के लिए एनसीसी, एनएसएस, रोटट्रैक्ट क्लब आदि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न क्लब व समितियां। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के लिए आधुनिक सुविधाएं। मेधावी विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप की व्यवस्था। एडमिट कार्ड 20 जून से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन सूची तैयार कर नामांकन होगा।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-ओटी-वाईआरडी-एलओएम-22-25, दिनांक 16.06.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी)/ रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिसे दिनांक 09.07.2025 को अपराह्न 4.00 बजे अथवा उसके उपरांत खोला जाएगा। **कार्य का संक्षिप्त विवरण/नामः** लोधमा स्टेशन में यार्ड लाइटिंग का सुधार। **निविदा लागतः** रु. 12,25,687.56; **ईएमडी/बोली सुरक्षाः** रु. 24,500; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 09.07.2025 को अपराह्न 4.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः https://www.ireps.gov.in/** निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **(PR-283)**

## हिंडालको के साथ चकला कोल ब्लॉक रैयतों के बीच बैठक संपन्न

# रैयतों ने रखी अपनी मांग, कंपनी ने मांगा समय

**एसडीओ ने रैयतों की मांगों पर विचार करने का दिया भरोसा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंदवा।** हिंडालको ने चकला कोल ब्लॉक के रैयतों से उनकी मांगों को पूरा करने के लिए समय मांगा है। एसडीओ अजय कुमार रजक के नेतृत्व में मंगलवार को हुई बैठक में रैयतों की ओर से कई मांगें रखी गयीं। एसडीओ ने भरोसा दिया कि इन सभी मांगों पर विचार किया जायेगा। बैठक में चकला पंचायत के पडूवा, अरंडियाटांड़, नवाटोली, अंबाटांड़, भुकुटोली बरवाटोल और चकला के ग्रामीण शामिल हुए। रैयतों की तरफ से एसडीओ, सीओ और इंस्पेक्टर के अलावा



कंपनी के अधिकारियों के सामने 19 सूत्री मांग रखी गयी।

**एसडीओ ने दिया भरोसा :** एसडीओ ने कहा कि रैयतों के साथ सरकार पूरी तरह से खड़ी है। रैयतों ने जो बात रखी है, उस पर उपायुक्त के साथ मिल कर विचार किया जायेगा। सीओ ने कहा कि गैरमजरुआ भूमि का कागजात जिनके पास होगा, उन्हें भी इसमें शामिल किया जायेगा। एसडीओ ने कंपनी द्वारा आरएनआर के तहत झारखंड सरकार के साथ किये गये समझौते के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अगली बैठक उपायुक्त के सामने होगी। बैठक में चकला की मुखिया रंजीता एक्का और आम लोगों के अलावा अन्य लोग भी मौजूद थे।

**हिंडालको चकला कोल प्रोजेक्ट ने मांगा समयः** हिंडालको प्रबंधन की ओर से यूनिट हेड दीपक लेंका और अन्य अधिकारियों ने कंपनी की आरएनआर पॉलिसी की जानकारी विस्तार से दी। ग्रामीणों की बातें सुनी और अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि आरएनआर पॉलिसी का शत-प्रतिशत पालन होगा। रैयतों की भूमि नियम संगत तरीके से ली जा रही है। इसमें सरकार द्वारा निर्धारित दर से चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है। इसका पालन किया जा रहा है।

### रैयतों ने रखी ये मांगें

विस्थापित-प्रभावित रैयतों की ओर से विकास भगत, हरि भगत, सुरेंद्र उरांव, मो इजहार ने लिखित और मौखिक रूप से अपनी मांग रखी। रैयतों ने जो मांगें रखी हैं, उनमें लीज पर दी जानेवाली जमीन की उचित कीमत मिले, प्रत्येक पांच वर्ष में इस दर में 20% की वृद्धि करने, गैरमजरुआ जमीन के कब्जाधारी का सत्यापन ग्राम सभा द्वारा करने के बाद उसे मुआवजा देने, वन भूमि के कब्जाधारी को दस्तावेज के आधार पर ग्राम सभा के सत्यापन के बाद मुआवजा देने, विवाद की स्थिति में ग्राम सभा का निर्णय अंतिम मानने, पूरा एकरारनामा कंपनी और रैयतों के साथ करने, विस्थापित और प्रभावित होनेवाले 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक रैयत को योग्यता के हिसाब से नौकरी देने, 45 हजार रुपये न्यूनतम वेतन, प्रत्येक वर्ष 10% वेतन वृद्धि करने, प्रत्येक विस्थापित को एनएच 99 और एनएच 75 के किनारे 12 डिसमिल जमीन देकर पुनर्वासित करने, उन्हें पानी, बिजली, शिक्षा समेत भविष्य में रोजगार देने, कर्मियों पर नियम विरुद्ध काम करने का दबाव नहीं बनाने, घर की कीमत 45 सौ रुपये प्रति वर्ग फीट तय करने, सामान की ढुलाई का खर्च देने, रेल लाइन का निर्माण नहीं करने, पशुशाला का निर्माण करने, कुआं, कच्चा तालाब, हैंडपंप, पेड़ पौधों की कीमत तय कर भुगतान करने जैसी मांग शामिल है। रैयत हरि कुमार भगत ने हाल के सर्वे में आदिवासियों-मूलवासियों की जमीन में गड़बड़ी की शिकायत करने हुए उसे सुधारने की मांग की। अन्य रैयतों ने भी कई मांगें रखीं।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 18949 दिनांक 17.06.2025 के अनुसार, मैं, सरिता देवी पति- अशोक कुमार प्रजापति, ग्राम- नाथपुर पो० सरांगो थाना- घाघरा जिला- गुमला, झारखण्ड, एतद् द्वारा शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करती हूँ- 1. यह कि उपर लिखा गया नाम वो पता मेरा है जो सही है। 2. यह कि मेरी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या- B20252004621000022 में नाम ARPITA KUMARI (अर्पिता कुमारी) एवं जन्म तिथि- 26.01.2015 दर्ज है जो सही है। 3. यह कि मेरी पुत्री का आधार कार्ड संख्या- 3846 8807 6454 में भुलवश नाम ARPIT एवं जन्म तिथि- 24.01.2015 दर्ज हो गया है जो गलत है। 4. यह कि मेरी पुत्री के उपरोक्त आधार कार्ड में सुधार करते हुए नाम ARPITA KUMARI (अर्पिता कुमारी) एवं जन्म तिथि- 26.01.2015 दर्ज कराने हेतु यह शपथ पत्र सम्पादित कर रही हूँ। 5. यह कि उपरोक्त बातें सत्य एवं सही है।
यह शपथ पत्र आज दिनांक 17.06.2025 ई0 को लोहरदगा में सम्पन्न किया गया।

**कोर्ट नोटीस**

न्यायालय श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय
कोडरमा
**मूल वाद सं0-33/2025**
विमला देवी उर्फ शकुंतला देवी उर्फ राधा देवी ....................वादी
बनाम
बैजन्ती कुमारी उर्फ शकुंतला देवी ..................................प्रतिवादी
**बनाम**
बैजन्ती कुमारी उर्फ शकुंतला देवी
पिता कामेश्वर सिंह, साकिन मोहल्ला - पुराना बस स्टैण्ड, झुमरी तिलैया, थाना - तिलैया, जिला-कोडरमा

बजरिये नोटिस आपकी सूचित किया जाता है कि इस मूल वाद में आपको नजारत एवं निबंधित डाक के माध्यम से सूचित किया गया है, लेकिन आपलोग इस वाद में उपस्थित नहीं हुए।
अतः इस अखबार प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप इस वाद में दिनांक 11.7.25 समय 10:30 बजे पूर्वाहन उपस्थित होकर अपना पक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से रखें अन्यथा उक्त वाद की कार्यवाही आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनवाई की जायेगी। इसे ताकीद जानें।
हस्ताक्षर
प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायलय
कोडरमा।

## इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में योग प्रशिक्षकों के साथ विशेष संवाद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित संवाद 'कॉफी विद एसडीएम' का इस बार का कार्यक्रम योग को समर्पित रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसडीएम के कार्यालय द्वारा योग प्रशिक्षकों एवं योग शिक्षकों के लिए यह विशेष संवाद कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बुधवार, 18 जून 2025 को सुबह 11:00 बजे, अनुमंडल कार्यालय, गढ़वा में आयोजित किया जायेगा। यह संवाद सत्र योग से जुड़े प्रशिक्षकों के अनुभवों, विचारों एवं चुनौतियों को सुनने और स्थानीय प्रशासन से सहयोग के नए रास्ते तलाशने का एक सुनहरा अवसर है। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ समाज के निर्माण में योग प्रशिक्षकों की भूमिका को रेखांकित करना और योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए साझा प्रयासों को बढ़ावा देना है। अनुमंडल पदाधिकारी, संजय कुमार ने योग से जुड़े हुए तमाम विद्वतजनों को इस संवाद कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

# झामुमो ने क्षेत्रीय भाषाओं को जेटेट में शामिल करने की वकालत की

### उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) नियमावली-2025 को लेकर गढ़वा जिले में एक बार फिर से भाषाई असंतोष सामने आया है। जिले के प्रमुख स्थानीय भाषाओं–हिंदी, भोजपुरी और मगही–को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल नहीं किये जाने से नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को जिले के जागरूक युवाओं एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के लोगो ने उपायुक्त गढ़वा को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें इन भाषाओं को शिक्षक पात्रता परीक्षा की क्षेत्रीय भाषा सूची में जोड़ने की मांग की गयी है।

ज्ञापन में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि गढ़वा जिले में भोजपुरी, मगही और हिंदी न सिर्फ जनमानस की संवाद भाषा है, बल्कि यह सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान से भी जुड़ी हुई हैं। बावजूद इसके, झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा की नई नियमावली में इन भाषाओं को क्षेत्रीय भाषा के तौर पर शामिल नहीं किया गया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन में बताया गया है कि इस गंभीर मुद्दे को पहले भी पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और भवनाथपुर विधायक आनंद प्रताप देव ने संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक मांग पत्र सौंपा था। अब इसी मांग को मजबूती देते हुए युवाओं ने प्रशासन से अपेक्षा की है कि वह शीघ्र प्रभाव से कार्रवाई करें।

ज्ञापन देने वालों ने उपायुक्त से मांग की है कि वे जिला शिक्षा पदाधिकारी/अधीक्षक को स्पष्ट निर्देश दें कि गढ़वा जिले की क्षेत्रीय भाषाओं के रूप में हिंदी, भोजपुरी और मगही को सूचीबद्ध कर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय को जल्द से जल्द सुझाव भेजा जाए। यह मांग पूरी होने से न केवल स्थानीय भाषा और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अभ्यर्थियों को शिक्षक पात्रता परीक्षा में बड़ी सुविधा और अवसर भी मिलेगा। मौके पर झामुमो पक्षकार सह केंद्रीय सदस्य धीरज दुबे, हरिओम यादव, अविनास द्विवेदी, सौरभ सिंह, प्रियम सिंह, नवीन तिवारी, आर्यन सिंह, मयंक द्विवेदी, आकाश, रवि ठाकुर, अंकित, शैलेंद्र साह, अंजन सिंह, आनंद, दीपक आदि मौजूद थे।

# राजस्थान कमाने गये अनुप की मौत, परिजनों ने ससुरालवालों पर लगाया हत्या का आरोप

रविकांत चंद्रवंशी

**केतार।** थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी उमेश चंद्रवंशी का एकलौता पुत्र 26 वर्षीय अनुप चंद्रवंशी पांच जून को राजस्थान भेवाली के एक निजी कंपनी में काम करने अपने साले रविशंकर चंद्रवंशी के साथ गया हुआ था। मृतक अनूप चंद्रवंशी का 15 जून को रात में अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गयी। मृत्यु की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया। अनुप का शव मंगलवार सुबह नौ बजे पैतृक गांव पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजन चीत्कार मारकर रोने लगे। अनूप इकलौता पुत्र था। परिजन एवं गांव वाले ने हत्या की आशंका जताते हुए हंगामा करने लगे। तभी सूचना पाकर केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी पुलिस बल के साथ मृतक के घर जाकर परिजनों को समझा बुझाकर हंगामा शांत कराया। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद कार्रवाई किया जायेगा।

**परिजनों ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप :** अनुप रोजगार की तलाश में राजस्थान गया हुआ था। परंतु इस घटना ने नया मोड़ तब ले लिया, जब मृतक के परिजनों ने उसकी ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अनुप की मौत सामान्य नहीं है, बल्कि उसे किसी साजिश के तहत मारा गया है। उन्होंने संदेह जताया है कि ससुराल पक्ष के लोगों के साथ अनुप के संबंध ठीक नहीं थे और पहले भी कई बार आपसी विवाद की बातें सामने आ चुकी थीं।

मृतक के पिता उमेश चंद्रवंशी और अन्य परिजनों ने स्थानीय पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है तथा अनुप के ससुराल वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में केतार थाना प्रभारी से परिजनों ने न्याय का गुहार लगाया है।

## राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गढ़वा के मनीष को सिल्वर और विवेक को ब्रांज मेडल मिला



गढ़वा। द्वितीय राज्य स्तरीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2025 गढ़वा के मनीष कुमार को सिल्वर मेडल और विवेक कुमार ठाकुर को ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ। झारखंड राज्य एथलेटिक्स संघ और जामताड़ा जिला एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वाधान में 2वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 14 से 15 जून 2025 तक जामताड़ा स्टेडियम में किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 01 सिल्वर और 01 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया। अंडर 16 आयु वर्ग में मनीष कुमार ने गोला फेक स्पर्धा में तथा इसी आयु वर्ग में विवेक कुमार ठाकुर ने ट्रायथलॉन इ में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त कर जिला का नाम रौशन किया। शुभकामना देने वाले में ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी बिजय केशरी मदन केशरी ओमप्रकाश तिवारी, संरक्षक अमृत शुक्ला राकेश पाल अनिता दत्त, रेखा चौबे, एथलेटिक्स संघ के कोषाध्यक्ष अजयकांत आदि अन्य शामिल है।

# झामुमो भाषा के नाम पर कर रहा है राजनीति : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने क्षेत्रीय भाषा को लेकर झामुमो पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि भाषा विवाद मामले में झामुमो का नाटक जगजाहिर है। झामुमो का सरकार रहते हुए मांग पत्र का खेल शुरू है। इससे यह साबित होता है कि झामुमो के लोग जनता को भ्रमित कर भाषा के नाम पर अपनी राजनीति चमकाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन गढ़वा सहित पूरे झारखंड का युवा झामुमो के राजनीतिक कार्यप्रणाली को समझ रही है। झामुमो सरकार पिछले कार्यकाल में भी भाषा विवाद उत्पन्न किया था। जिसे बाद में भाजपा कार्यकर्ताओं के विरोध के बाद फैसला बदलना पड़ा था। लेकिन फिर से बार-बार पलामू गढ़वा के छात्रों युवाओं के विरुद्ध झामुमो का साजिश स्पष्ट रूप से सामने आ गया है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार अपनी राजनीति रोटी सेकने में लगी हुई है। पलामू गढ़वा के युवाओं को रोजगार से वंचित करने का यह कारनामा जनता भलीभांति समझ चुकी है। झामुमो के लोग दिखावे के लिए बार-बार मांग पत्र अपने ही सरकार को भेजते रहते हैं लेकिन छात्रों युवाओं को इनकी सच्चाई समझ में आ गयी है। पलमुआ भाषा को प्राथमिकता हेमंत सरकार ने अबतक नहीं दिया है इससे पलामू गढ़वा के लोग काफी आहत हैं। बार-बार नागपुरी भाषा पलामू गढ़वा के लोगों के ऊपर थोप दिया जाता है। जिस भाषा को स्थानीय लोग जानते ही नहीं वह भाषा आखिर क्यों दिया जाता है। इससे यह साबित हो रहा है कि झामुमो युवाओं के भविष्य के साथ राजनीतिक कर रही है हेमंत सरकार अगर गढ़वा पलामू वासीयों के लिए अगर स्थानीय भाषा लागू नहीं करती है तो भाजपा कार्यकर्ता सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। मौके पर भाजपा नेता नवीन जायसवाल संजय जायसवाल सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

## अनुदान हस्तांतरण को लेकर महासंघ ने कुलपति और कुलसचिव से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने 24 जून तक कार्रवाई की मांग की, साथ ही मांग पूरी नहीं होने पर 25 जून से चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी भी दी**

**गढ़वा।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के स्थायी संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के मानदेय भुगतान के लिए राज्य सरकार द्वारा मार्च 2025 में निर्गत की गयी अनुदान राशि अब तक संबंधित महाविद्यालयों को हस्तांतरित नहीं की गयी है। इससे कर्मियों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस विषय को लेकर मंगलवार को संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कुलसचिव से मुलाकात की और 24 जून 2025 तक अनुदान राशि हस्तांतरित करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय-सीमा तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं होती है, तो महासंघ 25 जून से चरणबद्ध शांतिपूर्ण आंदोलन शुरू करेगा, जिसकी संपूर्ण नैतिक जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के नेताओं ने कहा कि झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों ने उक्त अनुदान राशि संबंधित महाविद्यालयों को पहले ही हस्तांतरित कर दी है। ऐसे में नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय द्वारा हो रही देरी अत्यंत चिंताजनक है, जिससे शिक्षक एवं कर्मचारी अपने परिवार के भरण-पोषण में कठिनाई झेल रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय, महासचिव डॉ बंशीधर सिंह एमके कॉलेज पांकी के राजकमल वर्मा एसपीडी कॉलेज गढ़वा के डॉ हिमांशु भूषण जरूहार, प्रो अखिलेश शुक्ला बीएसएम कॉलेज, भवनाथपुर के, प्रो अफजल बनवारी साहू कॉलेज, लातेहार), डॉ नरेश कुमार पांडेय, अनुपम मिश्रा गोपीनाथ सिंह महिला कॉलेज, गढ़वा के डॉ अरुण सिंह, डॉ मकबूल अहमद और डॉ देवदत राम शामिल थे। कुलपति और कुलसचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर अनुदान राशि संबंधित महाविद्यालयों को हस्तांतरित कर दी जायेगी।

### एसडीएम ने गढ़वा के तीनों ब्लड बैंकों का किया औचक निरीक्षण

# आरोग्यम हॉस्पिटल के ब्लड बैंक की हालत अत्यंत दयनीय मिली, शोकॉज

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** आमजन से जुड़ी स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और रक्त की आकस्मिक उपलब्धता की स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने मंगलवार की शाम शहर के तीनों प्रमुख ब्लड बैंकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण किये गये ब्लड बैंकों में सदर अस्पताल ब्लड बैंक, सरस्वती चिकित्सालय ब्लड बैंक और आरोग्यम हॉस्पिटल ब्लड बैंक शामिल है।

निरीक्षण के दौरान सदर अस्पताल में ब्लड स्टॉक की भारी कमी पायी गयी। यहां सिर्फ दो यूनिट ब्लड ही स्टॉक में मिला। निरीक्षण के दौरान वहां एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चा भी मिला, जिसे समय पर उस ग्रुप का रक्त नहीं मिल पा रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम द्वारा तत्काल सरस्वती चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रबंधन को नियमानुसार रक्त की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

सरस्वती चिकित्सालय में 45 यूनिट रक्त का स्टॉक उपलब्ध पाया गया, तथापि संबंधित चिकित्सक उपस्थित नहीं पाये गये। इस पर अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया गया कि ब्लड बैंक संचालन से संबद्ध चिकित्सक की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। आरोग्यम हॉस्पिटल में कोई भी ब्लड यूनिट उपलब्ध नहीं थी, इस ब्लड बैंक की हालत अत्यंत दयनीय थी। यहां न कोई स्टाफ, न कोई डॉक्टर मिला बल्कि वहां ताला लगा पाया गया। जिस पर संबंधित प्रबंधन से जवाब तलब किया जा रहा है। एसडीएम संजय कुमार ने ब्लड बैंकों में स्टोरेज व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण, स्टाफ उपस्थिति, साफ-सफाई और नियमों के पालन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंकों की यह जिम्मेदारी है कि किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जाए, खासकर गंभीर रोगियों के मामलों में। उन्होंने इन सभी अस्पतालों के रक्त कोष प्रबंधन को निर्देशित किया कि ब्लड स्टॉक की नियमित निगरानी की जाये और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। ऐसे निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

## प्रखंड स्तरीय आम महोत्सव और बागवानी मेला का आयोजन



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के घघरी गांव में प्रखंड स्तरीय आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। उक्त महोत्सव का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख अजय शाह उप प्रमुख अर्जुन पासवान के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर प्रमुख अजय शाह ने कहा कि यह योजना झारखंड सरकार के महत्वाकांक्षी योजना में शामिल है। किसान लोंगो के लिए यह योजना बरादन साबित हो रहा है। इस योजना में सरकार द्वारा मनरेगा के तहत शत प्रतिशत सहायता किया जाता है।

# वज्रपात से महिला की मौत, दो घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत अहमर खास के पंचफेड़ी टोला पर सोमवार की दोपहर एक हृदय विदारक हादसा हो गया। अहमर गांव स्थित 501 चिमनी ईंट भट्ठा पर तेज आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतका की पहचान लातेहार थाना क्षेत्र के सोहर गांव निवासी मनकुंअर की 20 वर्षीय पत्नी मंजू देवी के रूप में हुई है। वहीं इस हादसे में मंजू देवी की पांच वर्षीय पुत्री श्रुति कुमारी और उत्तर प्रदेश के चोपन थाना क्षेत्र के चोपन निवासी 20 वर्षीय अजय कुमार घायल हुए हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार की दोपहर मौसम अचानक बदल गया और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गयी। उसी दौरान मजदूरों का एक समूह अहमर 501 चिमनी ईंट भट्ठा के पास गिरे आम चुन रहे थे। आम चुनने के दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में मंजू देवी, उनकी पुत्री और अजय कुमार आ गये।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने तुरंत घायलों को गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मंजू देवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अजय कुमार और श्रुति कुमारी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, दोनों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका था।

मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालने वाली मंजू देवी की असामयिक मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है।

## नहर निर्माण योजना में काम कर रहे रोलर चालक की मौत, हत्या की आशंका

कांडी (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के नहर निर्माण योजना में काम कर रहे रोलर चालक की मौत हो गयी। घटना पतीला गांव के पास बन रही नहर साइट पर घटित हुआ है। सोमवार दोपहर दो बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों की सूचना परे पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लिया। मृतक की पहचान रमजान अंसारी 50 वर्ष, पिता जाफर अंसारी घर मदनगुंडी, थाना चंदवारा जिला -कोडरमा का रहने वाला है। वह पुष्पांजलि कंस्ट्रक्शन नहर निर्माण कंपनी में रोलर चालक के रूप में काम करता था। स्थानीय लोगों ने हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की है। घटना स्थल पर मृतक का पैंट, जांघिया, जूता, बेल्ट शव से अलग रखा हुआ मिला है। पुलिस ने कंपनी के सुपरवाइजर अविनाश कुमार सिंह को पूछताछ के लिए थाना लेकर गयी है। सुपरवाइजर के फोन में एक वीडियो मिला है फोन को पुलिस ने जब्त कर ली है। मृतक के शरीर पर कई गंभीर चोट का निशान मिला है।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा**
समग्र शिक्षा
समाहरणालय भवन, कोडरमा

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

jepckoderma@yahoo.co.in
kodermassa@gmail.com

पिन कोड–825410

विज्ञापन संख्याः–910 / 14.06.2025

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय, जिला–कोडरमा के रिक्त पूर्णकालिक शिक्षिका एवं लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पदों पर चयन हेतु आवश्यक सूचना

1. विभागीय आदेश संख्या GE/08/163/2022-23/1811 दिनांक 09/05/2025, पत्रांक 3545 दिनांक 14.09.2023, पत्रांक 3190 दिनांक 14.08.2023 तथा सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक 2835 दिनांक 03.11.2022 के आलोक कोडरमा जिला में संचालित 04 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु इच्छुक योग्य एवं अहर्ताधारी महिला अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तों के अधीन शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मी के रिक्त पदों के विरूद्ध विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक 30 जून 2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, कोडरमा में आमंत्रित किए जाते है :–

| Sl No | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – भाषा | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 2 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – गणित | 3 | 1 | 1 | 0 | 1 | 0 | 3 |
| 3 | पूर्णकालिक शिक्षिका (महिला) – विज्ञान | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 2 |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| | कुल | 8 | 3 | 2 | 0 | 3 | 0 | 8 |

2. उक्त पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा कोडरमा के पदनाम से आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा जिला कार्यालय, समग्र शिक्षा, कोडरमा Collectriate Building, Ranchi Patna Road, Koderma - 825410 में अनिवार्य रूप से दिनांक 30 जून 2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। साधारण डाक एवं हाथो–हाथ भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

3. चयन हेतु वांछित अर्हता एवं निर्धारित परिलब्धि –

| क्र | पदनाम | वांछित अर्हता | देय परिलब्धि |
|---|---|---|---|
| 1 | भाषा शिक्षिका (हिन्दी/अंग्रेजी) | 1. शैक्षणिक अहर्ता :– I. किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/विष्वविद्यालय से संबंधित विषय (जिस विषय की पूर्णकालिक षिक्षिका यथा क्रमांक 1, 2, एवं 3 पर अंकित पदों हेतु आवेदन किया जा रहा हो) में न्यूनतम 50 प्रतिषत अंक के साथ स्नातक की अहर्ता अनिवार्य है। * अनुसूचित जाति/जनजाति एवं विकलांग कोटि के अभ्यर्थी को इस नियम में उपरोक्त वर्णित न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिषत की छूट दी जाएगी। * चयन में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता, प्राप्तांक को प्राथमिकता दी जाएगी। 2. प्रशैक्षणिक अर्हता – मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से बी.एड. अथवा समकक्ष परीक्षा यथा प्रारंभिक षिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा में षिक्षक प्रषिक्षण परीक्षा में उत्तीर्णता अनिवार्य होगा। 3. शिक्षक पात्रता परीक्षा :– राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से कक्षा 8 के लिए आयोजित षिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) में उत्तीर्ण रहना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार द्वारा JTET की वैधता आजीवन मान्य किया गया है। | 1. षिक्षिकाओं का चयन संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू 15840/–प्रतिमाह देय होगी। 03 वर्ष की संतोषप्रद सेवा पूर्ण होने पर नियत प्रतिमाह परिलब्धि में 50 प्रतिषत की वृद्धि देय होगी। 2. संविदा विस्तार की स्थिति में 250 रू की वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष प्रदान की जायेगी। |
| 2 | गणित शिक्षिका | | |
| 3 | विज्ञान शिक्षिका | | |
| 4 | लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 1. शैक्षणिक अहर्ताः– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान/विश्वविद्यालय से बी. कॉम प्रतिष्ठा में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्णता। 2. तकनीकि अर्हताः– किसी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान से एक वर्षीय कम्प्यूटर कोर्स में पी.जी.डी.सी.ए./डी.सी.ए./समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्णता। 3. कार्य अनुभवः– हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली साफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। 4. चयन हेतु सिर्फ महिला अभ्यर्थी ही योग्य माने जायेंगे। | 1. संविदा के आधार पर नियत परिलब्धि रू. 9900/– प्रतिमाह देय होगी। 2. प्रत्येक एक वर्ष के संतोषप्रद कार्य करने की स्थिति में संविदा का विस्तार किया जायेगा। 3. 03 वर्ष तक संतोषप्रद कार्य किये जाने के पश्चात् नियत मानदेय मे एकबारगी 50 प्रतिषत की वृद्धि करते हुए मानदेय स्वरूप प्रदान किया जायेगा। 4. प्रत्येक वर्ष संविदा विस्तार की स्थिति में 150 रू. की वार्षिक मानदेय वृद्धि देय होगी। |

4. चयन संबंधी दिशा–निदेश एवं अनुबंध आधारित अन्य निर्धारित शर्तें निम्नवत हैं–

i कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में चयन हेतु निर्धारित अहर्ता रखने वाले अभ्यर्थियों को राज्य कार्यकारिणी की 52वीं एवं 64वीं बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में चयन में निम्न प्रकार के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगीः–

1. झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्/समग्र शिक्षा/सर्व शिक्षा अभियान/राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान/कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/साक्षर भारत/महिला समाख्या इत्यादि में कार्य करने का अनुभव रखते हों।
2. उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को इस प्रकार की छूट प्रदान की जायेगी–

(क) वैसे अभ्यर्थी जो 10 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके हैं उन्हें शैक्षणिक अर्हता में न्यूनतम 05 प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी।

(ख) वैसे अभ्यर्थी जितने वर्ष उपरोक्त संस्थान में कार्य किये हो उन्हें प्रत्येक वर्ष के लिए 01 अतिरिक्त अंक देय होगा। इसके लिए उपरोक्त संस्थान में कार्य करने का प्रमाण पत्र के साथ–साथ वेतन/मानदेय के रूप में प्राप्त राशि का प्रमाण पत्र देना भी अनिवार्य होगा।

5. आयु सीमाः–

i चयन हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होगी।

ii कार्मिक, प्रशासनिक सुधार एवं राजभाषा विभाग के ज्ञापांक संख्या 29 दिनांक 04.01.2021 झारखण्ड सरकार के आलोक में कोटिवार अधिकत्तम उम्र सीमा निम्नवत् होगी :–

| Sl | Category | Maximum age Limit |
|---|---|---|
| 1 | Female (UR/EWS/BC-I/BC-II) | 38 |
| 2 | SC/ST (Female) | 40 |
| 3 | Person with bench mark disability (PWBD) | A relaxation of 10 years in their respective category. |

iii. अनुभवी महिला Ex-Servicemen को अपनी कोटि में 05 वर्ष तक उपरोक्त अधिकतम आयु सीमा में छूट दी जायेगी।

iv. उम्र की गणना दिनांक 01.06.2025 के आधार पर की जायेगी।

6. आवेदन :– सिर्फ विहित प्रपत्र में पूर्णतया भरे हुए आवेदन पत्र सभी अनुलग्नकों के साथ निर्धारित अंतिम तिथि 30.06.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा, समाहरणालय भवन, कोडरमा, पिन–825410 के कार्यालय में निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। साधारण डाक, हाथो–हाथ एवं अंतिम तिथि के बाद आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्तें, अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारिक वेबसाईट **www.koderma.nic.in** पर उपलब्ध है। चयन से संबंधित सभी दिशा–निर्देश उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर उपलब्ध रहेंगे तथा अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे समय–समय पर जानकारी हेतु वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

8. आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अनुलग्नक :–

i. 23x10 से.मी. का स्वपता लिखा हुआ दो लिफाफा।

ii. सभी शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक शिक्षक पात्रता परीक्षा तथा अन्य स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न की जाए।

iii. आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों हेतु जाति प्रमाण पत्र (झारखण्ड राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत) स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।

iv. झारखण्ड राज्य के सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत नियोजन हेतु आवासीय प्रमाण पत्र की स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति।

v. अनुभव प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)

9. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है, अतः चयनित अभ्यर्थी को विद्यालय में रहना अनिवार्य होगा।

10. अभ्यर्थियों का चयन संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति के द्वारा किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम माना जाएगा।

11. अपरिहार्य कारणों से चयन प्रकिया किसी भी समय स्थगित/रद्द/परिवर्तन करने का अधिकार राज्य परियोजना निदेशक अथवा जिले के उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, जिला चयन समिति, समग्र शिक्षा, कोडरमा को सुरक्षित रहेगा।

12. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से आवेदन के लिफाफे के ऊपर लाल रंग से मोटे अक्षर में आवेदित पद का नाम, विद्यालय का नाम (KGBV) एवं कोटि अंकित करना होगा; अन्यथा आवेदन अस्वीकार होने की स्थिति में वे स्वयं जवाबदेह होंगे।

13. अपूर्ण एवं अहस्ताक्षरित आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष,
समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR 355272 Jharkhand Education Project Council(25-26)D

# मानकों की अनदेखी

उत्तराखंड के चार धाम में हुआ एक और हेलिकॉप्टर हादसा नियमों की अनदेखी, लापरवाही और ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने की होड़ का नतीजा है। केवल मई-जून में ही हुई पांच दुर्घटनाएं और उनमें 13 लोगों की मौत बताती हैं कि पिछली घटनाओं से सबक नहीं लिया गया और न ही सरकारी कार्रवाई का हेलिकॉप्टर ऑपरेटरों पर असर हो रहा है।

**निगरानी क्यों नहीं :** हालिया क्रैश केदारनाथ से लौटते समय गौरीकुंड के पास हुआ। कारण खराब मौसम बताया जा रहा। एसओपी का पालन नहीं करने पर संबंधित कंपनी आर्यन एविएशन के अफसरों पर एफआइआर दर्ज कर ली गयी है। लेकिन, इससे यह सवाल भी उठता है कि जब मौसम अनुकूल नहीं था, तो उड़ान हुई कैसे - क्या हेलिकॉप्टर सर्विस पर निगरानी का कोई सिस्टम नहीं है? कुछ दिनों पहले ही एक कंपनी के दो पायलटों पर इसी मामले में एक्शन लिया गया था। इसके बावजूद एक अन्य कंपनी फिर वही गलती दोहराती है।

**एविएशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि चार धाम रूट, खास कर केदारनाथ रूट एक पायलट के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण है। यहां उड़ानें तो बढ़ी हैं, लेकिन रडार या एयर ट्रैफिक कंट्रोल जैसा जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है।**

**नियमों की अनदेखी :** उत्तराखंड में श्रद्धालुओं की संख्या बेहिसाब ढंग से बढ़ी है और इसी के साथ हेलिकॉप्टर सेवा भी। लेकिन, इसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप भी खूब लगे हैं। चूंकि यात्रा सीजन सीमित होता है, ऐसे में ज्यादातर कंपनियों का जोर अधिक से अधिक उड़ान भरने और मुनाफा कमाने पर होता है। इसी वजह से कभी उत्तरकाशी जैसे हादसे होते हैं और कभी सड़क पर हार्ड लैंडिंग की तस्वीरें आती हैं। इसका एक पहलू पर्यावरण पर पड़ने वाला नकारात्मक असर भी है।


**इंफ्रा की कमी :** एविएशन एक्सपर्ट्स का मानना है कि चार धाम रूट, खास कर केदारनाथ रूट एक पायलट के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण है। यहां उड़ानें तो बढ़ी हैं, लेकिन रडार या एयर ट्रैफिक कंट्रोल जैसा जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है। पायलटों को केवल अपनी आंख पर भरोसा करके आगे बढ़ना होता है, लेकिन उस ऊंचाई पर, जहां मौसम अचानक करवट ले लेता है, यह बहुत जोखिम भरा है। ऊपर से कंपनियों का लालच इस जोखिम को और बढ़ा देता है।

**कंपनियों पर नियंत्रण जरूरी :** कुछ दिनों पहले ही डीजीसीए ने चार धाम कॉरिडोर में उड़ानों की संख्या आधी कर दी और उत्तराखंड सिविल एविएशन डिवेलपमेंट अथॉरिटी के कंट्रोल रूम में अपने ऑफिसर भी नियुक्त किए हैं। हालांकि इसके साथ हेलिकॉप्टर सर्विस देने वाली कंपनियों पर अंकुश की भी जरूरत है। मानकों को और कड़ा किया जाना चाहिए। देश के किसी और हिस्से की तुलना में हिमालय में उड़ान भरना अतिरिक्त सावधानी की मांग करता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नयी ऊंचाइयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्याधुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है। हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है।

# भारत वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में अग्रसर



**डॉ मनसुख मांडविया**



वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनने की दिशा में हमारी यात्रा अनवरत जारी है, और इस दृष्टि योजना के सबसे प्रभावकारी शक्तियों में भारतीय खेलों का उदय भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय खेल, वैश्विक मंच पर नित नयी ऊंचाइयां छू रहा है। जमीनी स्तर से लेकर विश्व विजेता मंच तक, प्रधानमंत्री की भविष्यदृष्टि ने खेलों के प्रति भारत के दृष्टिकोण को बदल कर रख दिया है। इससे विश्व स्तरीय सहायता, अत्याधुनिक सुविधाएं तथा प्रतिभा और कड़ी मेहनत को पुरस्कृत करने की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित हुई है। हाल में, भारतीय एथलीटों ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर अपने असाधारण प्रदर्शनों से देश को गौरवान्वित किया है।

दक्षिण कोरिया के गुमी में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 या मंगोलिया के उलानबटार में चौथी विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला हो, हमारे खिलाड़ियों ने धैर्य और गौरव के साथ दमदार प्रदर्शन किया। एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किये और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिये। इसी दौरान हमारी महिला पहलवानों ने इतिहास रच दिया। मंगोलिया से वे रिकॉर्ड 21 पदक जीत कर लौटीं जो विश्व कुश्ती रैंकिंग श्रृंखला में उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। पर यह सफलता रातोंरात नहीं मिली है। इससे पहले, भारत ने पूर्व के 23 आयोजनों (आजादी से पहले सहित) में केवल 26 ओलंपिक पदक जीते थे। जबकि 2016, 2020 और 2024 के पिछले तीन आयोजनों में ही भारत ने 15 पदक जीते हैं। पैरालिंपिक खेलों में प्रदर्शन और भी बेहतर रहा है। 1968 से 2012 के बीच कुल 8 पदक जीतने वाले भारत ने पिछले तीन आयोजनों में 52 पदक हासिल किये हैं, जिसमें पेरिस 2024 में जीते गये रिकॉर्ड 29 पदक शामिल हैं। ये उपलब्धियां कोई संयोग नहीं हैं। ये पिछले ग्यारह वर्षों में तैयार किये गये प्रदर्शन-संचालित पारिस्थितिकी तंत्र का सुखद परिणाम हैं।

**एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय दल ने शानदार प्रदर्शन कर 24 पदक हासिल किये और इस दौरान कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिये।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट और केंद्रित दृष्टिकोण है कि प्रत्येक एथलीट, चाहे उसकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो उसे विश्व स्तरीय प्रशिक्षण, ढांचागत सुविधा, वित्तीय सहायता, एथलीट-केंद्रित सुशासन और आगे बढ़ने के लिए पारदर्शी प्रणाली की पहुंच मिलनी चाहिए। वर्ष 2014 से मोदी सरकार ने परिवर्तनकारी बदलाव से मजबूत नींव रख कर भारतीय खेलों के परिदृश्य को नया रूप दे दिया है। इन सुधारों के केंद्र में शीर्ष एथलीटों की पहचान करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए 2014 में आरंभ की गई टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना-टॉप्स (टीओपीएस) शामिल है।

75 एथलीटों के साथ आरंभ हुई यह योजना अब लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक आयोजन के लिए 213 खिलाड़ियों को सहयोग देने के साथ व्यापक हो गयी है। इसमें 52 पैरा-एथलीट और विकास श्रेणी के 112 एथलीट शामिल हैं। उन खेल संवर्गों में एथलीटों को मदद देने की नयी योजनाएं भी आरंभ की गयी हैं, जिन पर पारंपरिक रूप से कम ध्यान जाता है। इस वर्ष आरंभ किया गया लक्ष्य एशियाई खेल समूह (द टार्गेट एशियन गेम्स ग्रुप-टीएजीजी) तलवारबाजी, साइकिलिंग, घुड़सवारी, नौकायन, कयाकिंग और कैनोइंग, जूडो, ताइक्वांडो, टेनिस, टेबल टेनिस और वुशू जैसे 10 खेलों में 40 पदक संभावनाएं बढ़ाता है।

खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के प्रयासों में दूरदर्शिता के साथ-साथ वित्तीय प्रतिबद्धता भी महत्वपूर्ण है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय का बजट पिछले दशक में तीन गुना से अधिक हो गया है और यह 2013-14 के महज 1,219 करोड़ रुपये से बढ़कर 2025-26 में 3,794 करोड़ रुपये पहुंच गया है। जमीनी स्तर पर बुनियादी खेल ढांचा विकसित करने और वर्ष भर प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2017 में आरंभ की गयी खेलो इंडिया योजना का बजट इस वर्ष बढ़ कर 1,000 करोड़ रुपये हो गया है। इन निवेशों से खेल प्रतिभाएं पोषित हो रही हैं और युवा एथलीटों के लिए एक जीवंत प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र निर्मित हो रहा है। राष्ट्रीय खेल महासंघों को भी अभूतपूर्व व्यापक समर्थन मिला है।

अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए उन्हें दी जाने वाली वित्तीय सहायता लगभग दोगुनी हो गई है। खेल प्रशिक्षकों-कोच को दी जाने वाली राशि में 50 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है। उच्च प्रदर्शन प्रशिक्षण की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए एथलीटों के खुराक भत्ते में बढ़ोतरी की गयी है। ऐसे केंद्रित प्रयास भारत को अपनी पदक क्षमता में विविधता लाने और विभिन्न खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने में सहायक बन रहे हैं। पारदर्शिता पर जोर इस दिशा में किये गये सबसे प्रभावशाली सुधारों में एक है। सभी महासंघों को अब चयन प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग और प्रमुख आयोजनों के लिए चयन मानदंड दो साल पहले ही निर्धारित करना आवश्यक बनाया गया है। इससे निष्पक्षता के साथ ही एथलीटों में विश्वास बढ़ता है और यह व्यवस्था को योग्यता आधारित बनाती है। एथलीट-केंद्रित सुधार निश्चित रूप से हाल की खेल नीति निर्माण में उल्लेखनीय रहे हैं। खेल प्रमाणपत्र अब डिजिलॉकर द्वारा जारी किये जाते हैं, जो राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली से जुड़े होते हैं। इससे एथलीटों को सुरक्षित और हेराफेरी से मुक्त डेटा रिकॉर्ड सुनिश्चित होता है।

राष्ट्रीय खेल नीति 2024 और राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के मसौदे का कार्य अभी अपने अंतिम चरण में है। इनका उद्देश्य खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना और खिलाड़ियों के कल्याण को नीति निर्धारण के केंद्र में लाना है। आयु संबंधी धोखाधड़ी से अब नयी मेडिकल जांच और सख्त दंड के प्रावधानों द्वारा निपटा जा रहा है। इनके बेहतर अनुपालन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए खेल संघों को सत्यनिष्ठा अधिकारी नियुक्त करने की भी आवश्यकता है।

ओलंपिक खेलों के अलावा, मल्लखंब, कलारीपयट्टु, योगासन, गतका और थांग-ता जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों को खेलो इंडिया गेम्स द्वारा पुनर्जीवित और बढ़ावा दिया जा रहा है। कबड्डी और खो-खो जैसे स्वदेशी खेलों को अब अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिल रही है, जो भारत की समृद्ध खेल विरासत को दर्शाते हैं। खेल के क्षेत्र में लैंगिक समानता के प्रयास भी उल्लेखनीय हैं। खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए आरंभ की गयी एएसएमआइटीए- असमिता लीग (महिलाओं को प्रेरित कर खेल उपलब्धि हासिल करना) को तेजी से विस्तारित किया गया है। वर्ष 2021-22 में जहां केवल 840 महिला एथलीट खेलों में सक्रिय थीं वहीं, 2024-25 में 26 खेल संवर्गों में 60,000 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। अस्मिता लीग इन एथलीटों को खेलो इंडिया से जोड़ कर प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धा के अवसर प्रदान करती है। पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2014 के 38 खेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से व्यापक होकर अब यह संख्या बढ़कर 350 पहुंच गयी है। भारतीय खेल प्राधिकरण अभी 23 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र संचालित कर रहा है जिनमें टॉप्स और खेलो इंडिया के तहत शीर्ष एथलीटों को प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके अलावा, 33 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 34 राज्य स्?तरीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किये गये हैं। साथ ही 757 जिलों में 1,048 खेलो इंडिया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं जो खेल प्रतिभाओं को जमीनी स्तर पर खोजने और उन्हें पोषित-प्रशिक्षित करते हैं।

खेलो इंडिया गेम्स अब एक राष्ट्रीय आंदोलन बन गया है। अब तक इसके उन्नीस संस्करण आयोजित हुए हैं - जिनमें युवा, विश्वविद्यालय, पैरा, शीतकालीन और बीच गेम्स शामिल हैं - जिनमें 56,000 से अधिक एथलीट भाग लेते हैं।

विशेष रूप से, खेलो इंडिया पैरा गेम्स परिवर्तनकारी रहे हैं जिनके कई एथलीट पैरालिंपिक में पदक जीत चुके हैं। भारत, भविष्य में 2030 राष्ट्रमंडल खेलों और 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दावेदारी की तैयारी कर रहा है। इसके लिए खेलो इंडिया के तहत स्कूल गेम्स, ट्राइबल गेम्स, नॉर्थईस्ट गेम्स, वाटर गेम्स, मार्शल आर्ट्स गेम्स और स्वदेशी गेम्स जैसे नये क्षेत्रों में खेल आरंभ किये जा रहे हैं ताकि साल भर प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा की खोज सुनिश्चित हो सके। आगामी खेलो इंडिया स्कूल गेम्स कम आयु में ही एथलीटों की पहचान और उन्हें प्रशिक्षित कर खेल पारिस्थितिकी तंत्र में नयी प्रतिभा को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

सिर्फ खेल ही नहीं, फिटनेस के प्रति सामुदायिक भागीदारी के उद्देश्य से दिसंबर 2024 में आरंभ किये गये फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान ने भी गति पकड़ ली है। सिर्फ 150 प्रतिभागियों के साथ आरंभ हुआ यह अभियान अब 10,000 स्थानों पर विस्तारित हो गया है, जिसमें साढ़े तीन लाख से अधिक लोग सक्रियता से भाग ले रहे हैं। एक जून को आयोजित 25वें संस्करण में इसे सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि देने और विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर तिरंगा रैली के रूप में मनाया गया। रैली में जम्मू-कश्मीर के दूरदराज के जिलों सहित 5,000 स्थानों से 75,000 से अधिक लोग शामिल हुए।

इन साप्ताहिक कार्यक्रमों में फिटनेस का संदेश प्रचारित करने के लिए डॉक्टर, सरकारी कर्मचारी, शिक्षक सहित विभिन्न समूह शामिल होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को सही सिद्ध करते हुए फिट इंडिया मूवमेंट देश के हर घर तक फिटनेस का संदेश पहुंचा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भविष्य दृष्टि योजना है कि जब हम 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करें तो भारत खेलों में शीर्ष 10 देशों में शामिल हो और 2047 में आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक शीर्ष 5 देशों में शामिल हो जाये। इस दृष्टि योजना को पूरा करने के लिए काफी कुछ किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत हासिल करना बाकी है। मजबूत आधार के लिए, शासन में प्रमुख सुधार लागू किये गये हैं, जो देश में खेलों के विकास के लिए अहम हैं।

आज भारत की खेल क्रांति दृष्टि, संकल्प और समावेशी विकास की गाथा है। इस परिवर्तन के केंद्र में हमारे युवा हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में भारत एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में उभर रहा है। पदकों की लगातार बढ़ती संख्या से लेकर जीतने की मानसिकता तक में भारी बदलाव दिख रहा है। विकसित भारत की ओर दृढ़ता से बढ़ते हमारे कदम - खेल भावना से संचालित हैं।

## कोल्हान की खबरें

# कुचाई हत्याकांड का खुलासा, 6 गिरफ्तार

## 1.25 लाख नकद, हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर कुचाई पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने महिला मोंगरो मुंडा की नृशंस हत्या के मामले का खुलासा करते हुए घटना में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मंगलवार को घटना की जानकारी देते हुए जिले के एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया बीते दिनों मोंगरो मुंडा की गला रेत कर हत्या कर दी गयी थी। एसडीपीओ समीर कुमार सेवइयां के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने कारवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया जांच के दौरान जानकारी मिली मृतका की देवरानी डोली मुंडा और ससुर सोयना मुंडा को उस पर डायन-बिसाही का संदेह था। दोनों ने हत्या की साजिश रचते हुए सुखलाल मुंडा से संपर्क किया और साहेब हेम्ब्रम, रायमर मुंडा और गुरुदेव मुंडा को दो लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी। पुलिस ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 1.25 लाख नकद, हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान सभी आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# एनएसयू के प्लेसमेंट ड्राइव में मिला 3 लाख सालाना पैकेज




आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पोखरिया स्थित नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान बीबीए विभाग के चार विद्यार्थियों का चयन फूड डिलीवरी सेक्टर से जुड़ी कंपनी युमाडो में किया गया। चयनित विद्यार्थियों में जी. हरि किरण को डिजिटल मार्केटिंग एसोसिएट, जबकि कृतिका, सत्यम सखारे और निशा परवीन को रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर नियुक्त किया गया। सभी को 3 लाख रुपये वार्षिक पैकेज की पेशकश की गयी। प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन एनएसयू प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया था। इसमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को आमंत्रित किया गया। इस सफलता पर कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह हमारे लिए गर्व का विषय है, विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को निरंतर रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे। उन्होंने छात्रों से उपलब्ध अवसरों का भरपूर लाभ उठाने और नियमित रूप से साक्षात्कार सत्रों में भाग लेने की अपील की।

# सीएम से मिले विधायक, बहरागोड़ा के विकास के लिए चार अहम मांगें रखीं



**रांची/बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुमार महंती ने मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची आवास में शिष्टाचार मुलाकात की।मुलाकात के दौरान विधायक ने क्षेत्र के समग्र विकास से संबंधित चार महत्वपूर्ण मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और त्वरित पहल की अपील की।मांग पत्र में विधायक महंती ने बहरागोड़ा को अनुमंडल का दर्जा देने की मांग की। उन्होंने कहा इससे क्षेत्रीय प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होगी और लोगों को सरकारी सेवाएं त्वरित एवं सुलभ रूप से मिलेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तावित मंईयां सम्मान योजना के लिए कहा यह योजना ग्रामीण महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम होगी। उन्होंने बहरागोड़ा कॉलेज में आधारभूत संरचनाओं के विकास की आवश्यकता जतायी। कॉलेज में कम्युनिटी हॉल, पुस्तकालय और ऑडिटोरियम की स्थापना की मांग की। विधायक ने सीएम से देशबंधु सिंचाई नहर के जीर्णोद्धार का अनुरोध किया। ताकि क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके और कृषि उत्पादकता बढ सके। विधायक महंती ने कहा उनकी प्राथमिकता शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण है। उन्होंने विश्वास जताया मुख्यमंत्री इन मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे और शीघ्र सकारात्मक कदम उठायेंगे।

# प्रधान डाकघर की शतरंज प्रतियोगिता का समापन, सभी विजेता सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिस्टुपुर स्थित प्रधान डाकघर में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया गया।मंगलवार को समापन समारोह में मुख्य अतिथि वरीय डाकपाल सुधीर कुमार शामिल हुए।शतरंज प्रतियोगिता में दीपेश कुमार ने 6 अंक अर्जित कर प्रथम स्थान,महेंद्र शर्मा 4 अंकों के साथ द्वितीय और अकरम अली 3.5 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में रक्षा प्रसाद को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया। इस अवसर पर वरीय डाकपाल सुधीर कुमार ने सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और खेल भावनाओ से विभागीय लक्ष्य प्राप्त करने का आह्वान किया। निशांत कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला टाउन हॉल में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम उत्सव सह बागवानी मेला 2025 का भव्य आयोजन किया गया।मंगलवार को उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद जोबा मांझी, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोथरा, उपाध्यक्ष मधुश्री,एसपी मुकेश कुमार लुणायत, उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य पदाधिकारी सह गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। प्रत्येक प्रखंड से विशेष किस्म के आमों की प्रदर्शनी लगायी गयी। इसमें किसानों ने उपज का प्रदर्शन करते हुए आम की खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारी और व्यावहारिक अनुभव भी साझा की।

डीसी नीतीश कुमार सिंह ने कहा बागवानी मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर सकती है, बशर्ते किसान वैज्ञानिक और जैविक तरीकों को अपनायें। यदि किसान बाजार से सीधा जुड़ें, तो उनकी आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान, बागवानी विशेषज्ञ और आमजन उपस्थित रहे।

# श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के दूसरे चरण का जीर्णोद्धार शुरू

**सरयू राय ने मंदिर के 200 फीट ऊंचे शिखर पर चढ़ कर बोले मुझे अद्भुत आनंद की हुई प्राप्ति**



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** लौहनगरी गोलमुरी केबुल टाउन स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर के शिखर निर्माण का शुभारंभ मंगलवार को जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। विधायक राय ने स्वयं 200 फीट ऊंचे शिखर पर चढ़कर नारियल फोड़ते हुए पूजा संपन्न कर निर्माण कार्य की शुरूआत की।वर्षों से अधूरे पड़े मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का यह दूसरा चरण है। विधायक ने बताया इस चरण में मुख्य मंदिर शिखर का निर्माण किया जाएगा, जो आगामी 6 माह में पूर्ण होगा। इसके साथ ही भूमिगत स्थल का निर्माण भी किया जाएगा। मंदिर शिखर तक बाँस की सीढ़ियों से चढ़ते हुए पूजा करने को विधायक ने अद्भुत आनंद लगा। उन्होंने कहा शिखर से पूरा केबुल टाउन स्पष्ट दिखाई देता है और निर्माण पूर्ण होने के बाद यह मंदिर जमशेदपुर शहर का एक भव्य आध्यात्मिक केंद्र बनेगा। श्री राय ने कहा शिखर से पूरे शहर पर श्री लक्ष्मीनारायण की नजर रहेगी। सरयू राय ने यह भी बताया मंदिर परिसर में एक वेद अनुशीलन केंद्र की स्थापना की जाएगी, जहां पंडितों को वैदिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिखर निर्माण शुभारंभ के दौरान अशोक गोयल, आशुतोष राय, हरे राम सिंह, नीरज सिंह, सुबोध श्रीवास्तव, सुधीर सिंह, पंडित बिनोद पांडेय, यूके शर्मा, साकेत सिंह, इंद्रजीत सिंह, कैलाश झा, संतोष भगत, बीके सिंह, शंकर कर्मकार उपस्थित रहे।

# मधुकान कंपनी की मनमानी के खिलाफ आक्रोश एनके एरिया कार्यालय के समक्ष मजदूरों का प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत मधुकान प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा मजदूरों के अधिकारों की अनदेखी और पूर्व में हुई त्रिपक्षीय सहमति का पालन नहीं किये जाने के विरोध में मंगलवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ (इंटक) से संबद्ध आरसीएमएस यूनियन के बैनर तले जोरदार प्रदर्शन किया गया। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी के नेतृत्व में यह धरना एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष आयोजित हुआ। बारिश के बावजूद सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष मजदूरों की भागीदारी ने प्रदर्शन को प्रभावशाली बना दिया। मौके पर आरसीएमएस के एनके एरिया अध्यक्ष बीएनपांडेय और एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने मजदूरों की पीड़ा को खुलकर रखा और मधुकान तथा सीसीएल प्रबंधन पर जमकर निशाना साधा. आरसीएमएस एरिया अध्यक्ष ने धरना को संबोधित करते हुए बीएन पांडेय ने कहा कि मधुकान कंपनी द्वारा मजदूरों के अधिकारों का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। विगत 25 अप्रैल को हुई त्रिपक्षीय वार्ता में साफ तौर पर यह निर्णय हुआ था कि मजदूरों को पूरा हक और सम्मान मिलेगा, लेकिन कंपनी ने वादा तोड़कर सिर्फ शोषण किया है। उन्होंने कहा कि सीसीएल प्रबंधन की मौन सहमति से मधुकान मनमानी कर रही है, जो बेहद शर्मनाक है.वही आरसीएमएस एरिया सचिव अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि मधुकान कंपनी के कुछ अधिकारी स्थानीय मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं और झूठे आरोप लगाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। इसके बावजूद सीसीएल प्रबंधन तमाशबीन बना हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 28 जून तक मांगे नहीं मानी गईं, तो उग्र आंदोलन होगा। प्रदर्शन के दौरान मांग किया है कि मधुकान कंपनी में कार्यरत सभी मजदूरों को नियमित वेतन और सभी श्रम अधिकार दिये जायें। स्थानीय मजदूरों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाये। मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार और धमकी देने वाले अधिकारियों को तत्काल हटाया जाये। त्रिपक्षीय बैठक में लिये गये निर्णयों को तुरंत लागू किया जाये और उसकी निगरानी सीसीएल प्रबंधन स्वयं करे। प्रदर्शन के अंत में महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया तथा एक प्रति खलारी थाना प्रभारी को भी दी गयी। आरसीएमएस ने स्पष्ट किया कि अगर मांगे नहीं मानी गईं, तो 28 जून को हजारों मजदूरों के साथ बड़ा आंदोलन होगा। प्रदर्शन में मुख्य रूप से बीएन पांडेय, अब्दुल्ला अंसारी, राजू महतो, अशोक सिंह, सलामत अंसारी, अमजद खान, राजेश साहू, कुंदन, चौहान, राकेश चौहान, प्रदुमन चौहान, धर्मेंद्र चौहान, रियाज अंसारी, मुमताज अंसारी, जसीम अंसारी, विकास लोहरा, पप्पू अंसारी, मोबिन खान, गीता देवी, गुड़िया देवी, गायत्री देवी, अनिता देवी सहित सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष मजदूर व आमजन उपस्थित थे।

# केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने कस्तूरबा गांधी स्कूल का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका स्कूल का निरीक्षण मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया। इस क्रम में स्कूल के क्लासरुम, प्रयोगशाला, पाकशाला, जिम, सहित साफ सफाई, खेल कूद से संबंधित चीजों का निरीक्षण किये। मंत्री ने पठन पाठन के विषय में पूछताछ भी की। मैट्रिक और इंटर के परिणाम की जानकारी ली। इन्होंने स्कूल के विकास और प्रगति के हर संभव मदद करने के विश्वास दिलाये। इस दौरान स्कूल के छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत और नृत्य प्रस्तुत किया गया। स्कूल प्रबंधन के द्वारा रक्षा राज्य मंत्री को छात्राओं द्वारा बनाये गये पेंटिंग उपहार में दिये।

मौके पर ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, केंद्रीय पुस्तकालय सलाहकार समिति के सदस्य डॉ राजाराम महतो, दिलेश्वर कोइरी, सोनाहातू मंडल अध्यक्ष खगेश महतो, मेघनाथ महतो, सुनील कुमार साहू, पद्मोलोचन महतो, सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, उमेशचंद्र महतो, वार्डन सरोजिनी टोप्पो, शशि बाड़ा, फूलमणि टोप्पो सहित स्कूल के शिक्षक - शिक्षिकाएं आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में हुए शामिल



**मुरी (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री व सांसद संजय सेठ कई कार्यक्रमों में उपस्थित हुए। संजय सेठ सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय के बैठक में शामिल हुए इसके पश्चात वृक्षारोपण किया और कॉलेज परिसर का निरीक्षण किया। कॉलेज के प्रभारी डॉक्टर अनंत कुमार महतो और सचिव डॉक्टर मेहता ने संजय सेठ को बुके देकर स्वागत किया। इसके बाद वे सीधे सिल्ली के तीरंदाजी केंद्र के बच्चों से मिलने स्टेडियम पहुंचे और उनसे रूबरू हुए। संजय सेठ ने साहेब बांध का निरीक्षण भी किया और सौंदर्यीकरण की बात भी कही। मौके पर अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का, डॉ राजाराम महतो, सावित्री बाला, प्रोफेसर नकुल महतो, रघुवीर महतो, त्रिभुवन महतो, योगेंद्र महतो, पार्टी के ग्रामीण जिला अध्यक्ष धीरज महतो, मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक, चंदन गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने जल पथ प्रमंडल अभियंता को पत्र लिखा

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जल पथ प्रमंडल अभियंता को पत्र लिखा, रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत स्थित किता सिंचाई नहर उरांवगाड़ा नदी में बियर बनाकर निकाली गयी है। जिससे लोटा, किता, मोदीडीह, सुरगुंजाडीह, केंदुवाडीह, बड़कीटाड़ आदि दर्जनों गांव के किसानों के खेत में पानी पहुंचता है। वर्तमान में नहर काफी दुर्दशा में है। नहर कई जगह से टूटा हुआ है। नहर में घास, मिट्टी, झाड़ी भरा हुआ है। बिना सफाई किये अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच सकता है। ज्ञात हो सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमिटी के द्वारा उक्त नहर का जिर्णोद्धार की मांग किया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। अतः किसानों के हित में यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर नहर का जिर्णोद्धार किया जाये। उक्त जानकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चंद्र महतो ने दी।

## सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ रोहिणी शाखा का पुनर्गठन, मनोज अध्यक्ष और रामप्रवेश सचिव बने



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ रोहिणी शाखा का पुनर्गठन किया गया है। इसको लेकर संघ के एरिया सचिव पिंकू सिंह ने रोहिणी परियोजना पदाधिकारी को पत्र भेजकर कार्यसमिति गठन की जानकारी दी है। गठित कमिटि में जिसमें अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष करमजीत प्रसाद, उपाध्यक्ष गणेश गंझू, सचिव रामप्रवेश राम, सहसचिव प्रदीप कुमार, सहसचिव प्रभु प्रसाद, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप राम, सहकोषाध्यक्ष अशोक खलखो, कार्यालय मंत्री सुखदेव महतो, संगठन मंत्री कृष्णा गंझू को बनाया गया है।वही कार्यकारणी सदस्यों में बुधुवा उरांव, कर्मा गंझु, रावना उरांव, राजेश भुइयां, शंभु कुमार राम, रितेश उरांव, गणेश मांझी, घनश्याम प्रधान, पिंटू मुंडा, कृष्णा गंझू, आनंद उरांव का नाम शामिल है।

## प्रखंड प्रशासन ने सोसो बिरहोर टोली में लगाया जनता दरबार



**राहे (आजाद सिपाही)।** डीसी रांची के आदेशानुसार प्रखंड के आदिम जनजाति बिरहोर टोली सोसो में जनता दरबार का आयोजन किया गया। बिरहोर टोली में 60 बिरहोर परिवार रहते हैं। प्रशासन ने हर परिवार के समस्याओं को जाना और तत्काल समाधान होने वाले समस्या को समाधान किया गया। बीडीओ अशोक कुमार ने बताया कि बिरहोर परिवार प्रखंड जाकर समस्या नहीं बता पाते है। प्रशासन इनके घर में पहुंच कर समस्याओं को जाना। इन परिवार को राशन की सुविधा, पेयजल, स्वास्थ्य,बिजली सड़क स्कूल आदि की स्थिति की जानकारी ली गयी। आधारकार्ड अपडेट, बैंक केवाईसी आदि समस्या को समाधान किया गया।

# कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत करें कार्यकर्ता : मंजूर अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** दतिया रोड डाकबंगला में खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से मंगलवार को जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी जीनल गाला और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष मंजूर अंसारी, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव अर्शदुल कादरी, जैतून जॉन हसनैन आलम, रांची महानगर के अध्यक्ष हुसैन खान, खूंटी जिला के कार्यक्रम प्रभारी दिलीप जॉन तिग्गा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैसर खान नें किया। मंजूर अंसारी ने कहा कि आप सभी नौजवान साथी खूंटी अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी को मजबूत करें। मजबूत करने के लिए हमारे और से जो भी सहयोग होगा, वो हम करेंगे। साथ ही वैसे कांग्रेस के साथी जो काम करना चाहते हैं जिला से लेकर प्रदेश तक वो अपना आवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दें, ताकि अच्छे लोग को संगठन में जोड़ सकें। जीनल गाला ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी साहेब का निर्देश है झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग को मजबूत करने के लिए सभी 24 जिलों का भ्रमण करेंगे। मौके पर खूटी जिला परिषद के सदस्य सुशील सांगा, संजय यादव, नरेश तिर्की, प्रमोद लकड़ा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नगर पंचायत चुनाव के लिए तैयार रहें कांग्रेस कार्यकर्ता: कालीचरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेसय के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित गोष्ठी में आसन्न नगर पंचायत चुनाव के संबंध में विचार विमर्श किया गया। गोष्ठी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नगर पंचायत प्रभारी काली चरण मुंडा विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर नगर पंचायत चुनाव के लिए अध्यक्ष रवि मिश्रा ने सभी कार्यकर्ताओं को तैशर रहने को कहा। साथ ही अपने-अपने वार्ड में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया गया। सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि सम्पूर्ण नगर पंचायत के हर क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों और कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया जायेगा। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रदेश सहकारिता के महासचिव नईमुद्दीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, पांडेय मुंडा, सोहेल अंसारी, जेम्स तोपनो, फिरोज आलम, गोपाल भगत, धर्मदास आदि मौजूद थे।

## अड़की में लोन रिकवरी एजेंट से हुई लूट के मामले में चार गिरफ्तार

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के कुंजियांबा पुरनानगर सड़क पर चार दिन पूर्व शुक्रवार को सुकुरहुटू कांके रांची निवासी लोन रिकवरी एजेंट शोएब अंसारी से हथियार की नोंक पर हुई लूट के मामले में संलिप्त चार आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लूट के इस मामले का खुलासा कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों में रांची के बुंडू थानांतर्गत आरार्डीह गांव निवासी रशन मुंडा उर्फ फागु, तमाड़ थानांतर्गत बघई गांव निवासी सहिंद्र महली एवं लालमोहन सिंह मुंडा तथा अड़की थानांतर्गत पुरतू गांव निवासी भोलानाथ सिंह मुंडा शामिल हैं। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने लूट में प्रयुक्त दो देसी कट्टे, दो जिंदा गोलियां, एक अपाची मोटरसाइकिल समेत एजेंट से लूटे गये एक टैब, मोबाइल, बैग आदि बरामद कर लिये है।

# पचास फीसदी जनजातीय आबादी वाले गांव होंगे योजनाओं से आच्छादित : नवीन चंद्र झा

### तोरपा के ओकड़ा में धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा के प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने कहा कि धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शिविर का उद्देश्य जिन गांवों 50 फीसदी से अधिक आबादी जनजातीय परिवार से संबंधित है, ऐसे परिवारों को विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से पूर्णतः आच्छादित करना है। बीडीओ मंगलवार को तोरपा प्रखंड की ओकड़ा पंचायत में आयोजित धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करे रहे थे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। इस अभियान के अंतर्गत लाभुकों को जाति प्रमाण पत्र,आवासीय प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित लाभुकों को प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने इस अभियान और शिविर के आयोजन के बारे में अवगत कराया। मौके पर मुखिया बुधराम कंडुलना, पंचायत सचिव नित्यानंद महतो, रोजगार सेवक सुजीत कुमार गोप, पंचायत सहायक शेक्सपियर भेंगरा, आलोक सुरीन, बीपीआरओ सहित सभी विभागों के कर्मी मौजूद थे। मौके पर कई लाभुगों को ऑन द स्पॉट पेंशन का लाभ दिया गया। साथ लोगों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच कर उन्हें दवा दी गयी।

# अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योग जरूरी है : दीपक

### रोहिणी परियोजना में योगा बूट कैंप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** सीसीएल मुख्यालय के निर्देशानुसार मंगलवार को एनके क्षेत्र की रोहिणी परियोजना में खाद्यान्न के समीप एक दिवसीय योगा बूट कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक दूरी का पालन करते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संबंधित पंचायत के मुखिया संतोष महली, पंचायत समिति सदस्य, सीआईएसएफ के जवान, परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार सहित रोहिणी परियोजना के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और योगाभ्यास का लाभ उठाया। इस योग सत्र का संचालन सरस्वती विद्या मंदिर, डकरा के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को प्रणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, सूर्य नमस्कार सहित कई योगासन कराए। परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य योग के प्रति जागरूकता फैलाना और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना रहा। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित योग जरूरी है और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार के साथ-साथ मैनेजर एसपी निगम, मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, ध्वजाराम धोबी, गोपाल सिंह, नंदू, सुनील, रमेशर, अनिल, कर्मजीत, ऋषिदेव प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## ईचागढ़ प्रखंड के तुता पंचायत में जनता दरबार का आयोजन

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के तुता पंचायत सचिवालय में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कृष्ट अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में जनता दरबार का शुभारंभ किया गया। जनता दरबार का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गुरूपद मार्डी, बीडीओ एकता वर्मा, सीओ दीपक प्रसाद, मुखिया संगीता देवी, पंसस जानकी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों का 17 स्टोल लगाया गया, जहां लोगों से आवेदन लिया गया। लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का जानकारी दिया गया। वहीं सखी मंडल, फुलों झानो आशिर्वाद योजना सहित कई योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपतियों का वितरण किया गया। वहीं बीडीओ एकता वर्मा ने कहा कि सरकार कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने आस पास के लोगों को भी प्रेरित करें।

# नेत्र चिकित्सा सेवा के लिए एसजीवीएस खूंटी और कनाडा की संस्था के बीच एमओयू



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष पद्मभूषण कड़िया मुंडा की संस्था सार्वांगीण ग्राम विकास संस्था अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, खूंटी और कनाडा की ऑपरेशन आईसाइट कनाडा इंक (ओइसी) के बीच मंगलवार एक एमओयू हुआ। यह एमओयू दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग और साझेदारी को मजबूत बनाने के लिए किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत में विशेष रूप से झारखंड के आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों में अंधत्व को समाप्त करना है। ऑपरेशन आईसाइट कनाडा इंक (ओइसी) एक 61 वर्ष पुरानी विकास संस्था है, जो भारत, नेपाल, बांग्लादेश, घाना, केन्या, जांबिया आदि देशों में नेत्र चिकित्सा सेवाओं को लेकर कार्यरत है। एसजीवीएस अस्पताल 1984 से नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में कार्यरत है और 2012 से सरकारी योजनाओं के सहयोग से अंधत्व निवारण में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। इस संस्था के अध्यक्ष पूर्व लोकसभा अध्यक्ष कड़िया मुंडा (पद्मभूषण से सम्मानित) और सचिव जानेमाने समाजसेवी डॉ निर्मल सिंह हैं।

### एसजीवीएस की सेवायें

- एसजीवीएस अस्पताल में वर्तमान में 65 नियोजित बेड की क्षमता है, जिसमें ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह से क्रियाशील है।
- अस्पताल ने 20 बेड का अस्थायी प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया है और आरएसबी योजना के तहत पंजीकृत है।
- अस्पताल में शंकर नेत्रालय और अरविंद नेत्रालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नियमित रूप से नेत्र परीक्षण और सर्जरी सेवाएं दी जाती हैं। यहां मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, डीसीटी, टेरेजियम रिमूवल और अन्य नेत्र सर्जरी की जाती हैं, जिनकी लागत अन्य अस्पतालों की तुलना में लगभग 30 फीसदीः कम है।

### समझौते के मुख्य बिंदु

इस समझौते के अंतर्गत एसजीवीएस और ओइसी निम्नलिखित क्षेत्रों में सहयोग करेंगे नेत्र चिकित्सा से जुड़े परियोजनाओं की पहचान और विकास, ऑप्टोमेट्री प्रशिक्षण और संस्थानों की क्षमता वृद्धि, संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रोफेशनल डेवेलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन, पकरणों और नेत्र देखभाल उत्पादों की खरीद में सहयोग इसके लिए ऑपरेशन आईसाइट कनाडा इंक पांच वर्षों में दस करोड़ रुपए का सहयोग करेगी। यह एमओयू न केवल नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा, बल्कि खूंटी जिले को झारखंड के नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में एक मॉडल जिला बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अधिकारियों ने पुनर्वास केंद्र चिरैयाटांड़ का किया निरीक्षण

### विस्थापित ग्रामीणों ने मूलभूत समस्या से अधिकारियों को कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के मंगरदाहा गांव से विस्थापित हुए चिरैयांटांड़ के विस्थापित ग्रामीणों ने पिपरवार महाप्रबंधक को पत्र लिखकर पुर्नवास केंद्र चिरैयांटांड़ में व्याप्त समस्याओं के समाधान करने की मांग की थी। ग्रामीणों ने प्रबंधन को ज्ञापन सौंप कर समस्या से अवगत कराते हुए इसका समाधान करने की मांग की थी, साथ ही मांगे पूरी नहीं होने पर 23 जून से कोयला ढुलाई सहित खदान का काम बंद करने की चेतावनी दी है। जिसके आलोक में मंगलवार को स्थानीय सीसीएल अधिकारियों ने पूर्नवास स्थल चिरैयाटांड़ का औचक निरीक्षण कर समस्याओं की जानकारी ली। पुनर्वास केंद्र चिरैयांटांड़ पहुंचे सीसीएल अधिकारियों को स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों ने विभिन्न समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि मंगरदाहा गांव से विस्थापित करने के दौरान प्रबंधन ने पूर्नवास केंद्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक पूरा नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के ग्रामीणों ने प्रबंधन को मांग पत्र सौंप कर समस्या से अवगत कराया है। यदि जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो 23 जून से बंदी किया जायेगा। इधर गांव के निरीक्षण पर पहुंचे अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक उनकी मांगों को रखा जाएगा और समस्याओं का समाधान किया जायेगा। इस मौके पर मुख्य रूप से भूमि एवं राजस्व विभाग के किसन, अवस्थी, सीएसआर अधिकारी उज्जवल कुमार, विद्युत एवं यांत्रिक विभाग के इमाम उल हक, असैनिक विभाग के विक्रांत कुमार, रुपलाल महतो, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर हेमचंद महतो सहित विस्थापित ग्रामीणों में मगरदहा रैयत विस्थापित समिति चिरैयाटांड़ के सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## दहेज हत्या में गिरफ्तार पति को पुलिस ने भेजा जेल

धनबाद (आजाद सिपाही)। ढाई लाख रुपए दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को मंगलवार को धनबाद थाना की पुलिस ने जेल भेज दिया। उसके खिलाफ विवाहिता के पिता ने सोमवार को दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लोदना हाड़ी पट्टी निवासी मृत विवाहित बबली के पिता विरेन हाड़ी ने मामले की शिकायत धनबाद थाना में की थी। विरेन की शिकायत पर हिल कॉलोनी निवासी पति रोशन हाड़ी को पुलिस ने एसएनएमएमसीएच से ही गिरफ्तार किया था। मामले में बबली की सास भिखनी देवी, ननद प्रियंका देवी, नंदोई सुजल हाड़ी और चाचा ससुर नारायण हाड़ी को भी आरोपी बनाया गया है। 15 जून को जब उन्होंने अपनी पुत्री को फोन किया तो पुत्री ने बताया कि ये लोग बहुत मारपीट कर रहे हैं। लगता है मेरी जान ले लेंगे। रात में दामाद ने फोन करके बताया कि उनकी पुत्री की मृत्यु हो गयी है। विरेन ने दावा किया था कि ससुराल वालों ने मिल कर पुत्री की हत्या कर दी।

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
CSC आउटसोर्सिंग कंपनी
बीसीसीएल क्षेत्र संख्या-4
बीसीसीएल BCCL
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड Bharat Coking Coal Limited

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
रिंकू शर्मा
उपाध्यक्ष
ओ.बी.सी. मोर्चा भाजपा
धनबाद

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
गणेश कुमार
शाखा सचिव
राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन
बस्ताकोला झरिया

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
राजेन्द्र प्रसाद राजा
वरिष्ठ नेता
झामुमो, बाघमारा

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
बप्पी बाउरी
प्रदेश मीडिया प्रभारी
भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा
झारखंड, प्रदेश

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
दीपनारायण सिंह
जदयू प्रदेश महासचिव
सह प्रधान संयोजक : यूथ फोर्स

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
वशिष्ठ चौहान
समाजसेवी सह भाजपा नेता
बाघमारा, धनबाद

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
सत्येन्द्र यादव
थाना प्रभारी
सहित थाना परिवार, तेतुलमारी
तेतुलमारी थाना

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
शंकर बेलदार
मुखियापति सह समाजसेवी
बाघमारा, धनबाद

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
चिरंजीत प्रसाद
थाना प्रभारी
सहित थाना परिवार, बाघमारा
बाघमारा थाना (धनबाद)

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
संतोष कुमार रवि
ओपी प्रभारी
सहित थाना परिवार,रामकनाली
स्वागत कक्ष
रामकनाली ओ.पी.

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
धर्मेन्द्र कुमार
थाना प्रभारी
सहित थाना परिवार, मधुबन
मधुबन थाना
खरखरी
धनबाद

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
पवन कुमार
थाना प्रभारी
सहित थाना परिवार, जोगता
जोगता थाना

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
मनोज कुमार पांडेय
ओपी प्रभारी
सहित थाना परिवार, धर्माबांध
धर्माबांध ओ.पी.
धनबाद
9263854005

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
पीकू प्रसाद
थाना प्रभारी
सहित थाना परिवार, लोयाबाद
लोयाबाद थाना (धनबाद)

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
आसित कुमार सिंह
थाना प्रभारी सह इन्सपेक्टर
सहित थाना परिवार, कतरास
कतरास थाना
जिला : धनबाद

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
रूपेश दुबे
ओपी प्रभारी
सहित थाना परिवार, ईस्ट बसुरिया
ईस्ट बसुरिया ओ. पी.
9263854008

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
दिलीप पॉल
ओपी प्रभारी
एवं थाना परिवार, सोनारडीह
SONARDIH OP
DHANBAD
सोनारडीह ओ.पी.

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आजाद सिपाही
अलीशा कुमारी
थाना प्रभारी
सहित थाना परिवार, राजगंज

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई
बरोरा थाना
धनबाद
मो. नं.-9431706410
आजाद सिपाही
साधन कुमार
थाना प्रभारी
सहित थाना परिवार
बरोरा

आजाद सिपाही
आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शशि रंजन कुमार
थाना प्रभारी, झरिया

झा. मु. मो.
आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अरुण चौहाण
वरिष्ठ युवा नेता
झामुमो, बाघमारा
हरेन्द्र चौहान
वरिष्ठ उपाध्यक्ष
झामुमो, बाघमारा प्रखंड

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अनुपमा सिंह
पूर्व लोकसभा प्रत्याशी
धनबाद लोकसभा क्षेत्र/वर्किंग प्रेसिडेंट राष्ट्रीय कोलयरी
बोकारो। धनबाद। झरिया। निरसा। चंदनक्यारी। सिंदरी

आजाद सिपाही
आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रोहित कर्मकार
समाजसेवी सह युवा नेता, सोनारडीह, बाघमारा

आजाद सिपाही के 10वें स्थापना दिवस
पर आजाद सिपाही परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आर के अर्थ रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड
एना फायर परियोजना
कुसुंडा क्षेत्र संख्या-6

## महत्वपूर्ण खबरें

### आजसू पार्टी 22 को अपने स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। आगामी 22 जून स्थापना दिवस को लेकर आजसू पार्टी की एक तैयारी बैठक मंगलवार को डाक बंगला अनगड़ा में हुई। इसकी अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी ने किया। मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह पूर्व प्रत्याशी पारसनाथ उरांव ने कहा कि आगामी 22 जून को आजसू पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी। मुख्य कार्यक्रम हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव में आयोजित है। बताया कि बलिदान दिवस झारखंड के वीर शहीदों को समर्पित होगा। पारसनाथ उरांव ने खिजरी विधानसभा क्षेत्र के सभी पंचायतों के चूल्हा प्रमुख, ग्राम प्रभारी, पंचायत प्रभारी सहित तमाम पार्टी कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर केंदीय सदस्य राजू नायक, जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुंडा, महिला प्रखंड अध्यक्ष किरण देवी, महावीर महतो, किशुन महतो, संजय कुमार, ज्योतिष महतो, अजीत महतो, पारसनाथ महतो, विपिन मुंडा, सरिता देवी, बिरसा हजाम, अनीता देवी और सुनीता देवी आदि मौजूद थे।

### नामकुम में हनुमान चालीसा केंद्र का शुभारंभ तंद्रा मुखर्जी और नीता शर्मा ने की अगुवाई



नामकुम (आजाद सिपाही)। मंगलवार को नामकुम में हनुमान चालीसा केंद्र का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व स्वास्तिक महिला क्लब की तंद्रा मुखर्जी और नीता शर्मा ने किया। कार्यक्रम में केंद्र के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री सहित अन्य पदों पर सदस्यों का मनोनयन किया गया। इस अवसर पर दीपा, तानिया, पूनम, सरिता, सरोज और बबीता भी उपस्थित थीं। सभी ने धार्मिक चेतना और समाज सेवा के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जतायी। केंद्र में नियमित हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन और सेवा कार्य आयोजित किए जायेंगे।

### दिव्यांग युवतियों को ई-रिक्शा दिया गया



नामकुम (आजाद सिपाही)। रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ के निर्देश पर खिजरी विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया। संजय सेठ के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह ने मंगलवार को को नामकुम स्थित सीआरसी हॉस्पिटल में मधुकम निवासी वार्ड 28 की दो दिव्यांग युवतियों तनु कुमारी और अजवंती सामाड को ई-रिक्शा प्रदान किया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ दिव्यांग भाई-बहनों के स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्हीं के निर्देश पर यह ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया है ताकि लाभार्थी युवतियां आत्मनिर्भर होकर अपना जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग युवती की माता प्रियंका देवी आदि उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, रिम्स रेफर

मांडर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बुढ़ा खुखरा के निकट मंगलवार को हुए सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। घायलों में शशि टोप्पो 22वर्ष ग्राम गुड़ गुड़ जाड़ी, जयपाल खलखो 50 वर्ष बुढ़ा खुखरा एवं ललित टोप्पो शामिल है। इसमें शशि टोप्पो एवं जयपाल खलखो की हालत गंभीर थी, जिसे बेहतर ईलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया, घटना दिन के लगभग 11 बजे की है बताया जा रहा कि ये लोग अपनी मोटरसाइकिल एवं साइकिल से मांडर आ रहे थे। इसी क्रम में पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। मध्यस्थता केंद्र, रांची में आयोजित पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन मंगलवार को परिवार न्यायालयों से कुल 47 मामले अग्रसारित होकर मध्यस्थता केंद्र में प्राप्त हुए, जिन्हें अलग- अलग मध्यस्थ को सुपुर्द किया गया, जिनमें कुल 29 मामलों में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये।

### सरकारी योजनओं का लाभ वृद्धाओं को मिले : रवि भास्कर



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने मंगलवार को सीनियर सिटिजन होम बरियातू रांची का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डालसा सचिव के साथ पीएलवी सम्पा दास, प्रीति पाल, प्रहलाद उपाध्याय, सीनियर सिटिजन होम के गुप्ता जी, राजा वर्मा सहित अन्य मौजूद थे। डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर वृद्धा आश्रम में रह रहे सभी वृद्धाओं से रूबरू हुए तथा उनके समस्याओं को गंभीरता से सुना। वृद्धों की जमीन संबंधी जानकारी ली, वृद्धाओं के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं वृद्धा पेंशन से संबंधित समस्याओं पर फोकस किये तथा कार्यरत पीएलवी को निर्देश दिये कि जिनका भी आधार कार्ड, वृद्धा पेंशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, उनका कार्ड बनाकर उन्हें मुहैया कराये। निरीक्षण के दौरान डालसा सचिव वृद्धाओं से मिलकर गहन बातचीत की और कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनओं का लाभ दिलाने के लिए पहले भी प्रयासरत था और आगे भी रहेगा।

# मोदी सरकार जनता के लिए समर्पित उनका जीवन समाज के लिए : रवींद्र

## मोदी सरकार सबके सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित : सन्नी टोप्पो

- मोदी सरकार के स्वर्णिम 11 वर्ष पूरा होने पर मांडर के हेसल घुघरी में संकल्प सभा का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता


**मांडर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्र सरकार के सेवा और सुशासन के 11 वर्ष पूरे होने पर संकल्प सभा का आयोजन मांडर मंडल अंतर्गत हेसल घुघरी में किया गया। सभा में मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रवींद्र कुमार राय थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के बाद देश के दूसरे ऐसा प्रधानमंत्री हैं, जिनका अपना कोई परिवार नहीं है भारत की डेढ़ सौ करोड़ जनता को अपना परिवार मानते हैं। उनके विकास के लिए दिन-रात एक करके मेहनत करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनाया, लेकिन कांग्रेस में भी बाबा कार्तिक उरांव जैसे कई सारे दिग्गज नेताओं ने अपना जीवन खपा दिया, लेकिन उन्होंने उन्हें कोई उनको कोई सम्मान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की सच्ची शुभचिंतक और सच्ची हितैषी भाजपा की नरेंद्र मोदी की सरकार है।

सन्नी टोप्पो ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मांडर विधानसभा के एक लाख साढ़े तेरह हजार जनता के ऋणी हैं। उनके सुख-दुख उनके विकास के लिए सदैव खड़े हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री अन्न योजना मुद्रा योजना, जनधन योजना, युवाओं को रोजगार, उच्च शिक्षा में वृद्धि इंफ्रास्ट्रक्चर, रोड फ्लाईओवर किसान सम्मान योजना किसान समृद्धि योजना, एमएसपी की गारंटी सहित अगर योजनाओं का नाम लिया जाना लगे, तो कई घंटे लग सकते हैं। ऐसी ऐसी योजनाओं को लेकर समाज की अंतिम व्यक्ति तक जन-जन तक अपनी योजना पहुंचा कर उनके विकास के लिए कार्य करने का काम नरेंद्र मोदी की सरकार ने पिछले 11 वर्षों में किया है और आगे भी करती रहेगी।

उन्होंने कहा कि 2047 में विकसित भारत बनाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी करेगी। इसमें समस्त क्षेत्र राज्यवासी राष्ट्रवासियों के सहायता आवश्यकता और उनके विश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने मांडर विधानसभा की सवा लाख जनता का वंदन किया अभिनंदन किया। उन्हें प्रणाम किया और कहा कि वह 24 घंटे 365 दिन उनके सुख-दुख में उनके साथ उनका यह बेटा उनका यह बेटा भाई, दोस्त उपस्थित रहेगा। जिला उपाध्यक्ष सुधाकर चौबे, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं कार्यक्रम के प्रभारी सतीश कुमार साह मंडल के महामंत्री रामचंद्र भगत सहित अन्य ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, सन्नी टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर चौबे, कार्यक्रम प्रभारी सतीश कुमार साह, बिजुपाड़ा मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, मंडल महामंत्री रामचंद्र भगत, अयोध्या सिंह कार्यक्रम सह संयोजक मनोज किस्पोट्टा, करमा उरांव, पूर्व बिजूपाड़ा मंडल अध्यक्ष सतानंद सिंह, महामंत्री बिजुपाड़ा सफीक आलम, विनोद उरांव, सुखराम उरांव, चंदू उराव, निशा तिर्की, मुन्ना गोप, अजित उरांव आदि उपस्थित थे।

# बिरसा जैविक उद्यान में लौटी रौनक फिर से सुनायी देगी शेरों की दहाड़

## मगरमच्छ का जोड़ा भी होगा आकर्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी शेरों के बिना अपनी पहचान खोती दिख रही थी। मात्र एक शेर शशांक के होने से आने वाले पर्यटकों में खासी उदासी देखने को मिल रही थी। इसे देखते हुए उद्यान निदेशक जब्बर सिंह के अथक प्रयास के बाद नंदनवन चिड़िया घर रायपुर एवं सफारी छत्तीसगढ़ से वन्यजीव विनिमय योजना के तहत नर शेर अभय 14 वर्ष, मादा शेरनी सबरी उम्र 4 वर्ष को बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी सोमवार रात को लाया गया। घडियाल के बदले एक जोड़ा मगरमच्छ भी लाया गया है। शेरों की जोड़ी आने से बिरसा जैविक उद्यान चकला ओरमांझी में फिर से शेरों की दहाड़ सुनायी देगी। शेरों के आदान प्रदान कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी, मुख्य वन्य प्रतिपालक, झारखंड, रांची, उद्यान के मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक, सहायक वन संरक्षक, पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य वन्य कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही। शेरों के आने की खुशी में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए अधिकारियों द्वारा शेरों को पर्यटकों के दर्शन के लिए बाड़े में खोल दिया गया। जैविक उद्यान घूमने आये हुए दर्शक शेरों की जोड़ी देख खुश दिखे। प्रेस कांफ्रेंस में प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड अशोक कुमार, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्यप्राणी एवं मुख्य प्रतिपालक झारखंड, रांची पारितोष उपाध्याय, मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक जब्बर सिंह, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दिनेश कुमार, रेंज ऑफिसर एवं वन्य कर्मी उपस्थित थे।

# महादानी मैदान बेड़ो में धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

## पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी तैनात



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** भूमि विवाद को लेकर उत्पन्न तनाव एवं विवाद की आशंका के मद्देनजर बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मैदान और उसके 100 मीटर के दायरे में मंगलवार की सुबह से धारा 163 लागू कर दी गई। अनुमंडल दंडाधिकारी रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार द्वारा जारी निषेधाज्ञा के बाद मैदान और आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गयी है, जिससे किसी भी तरह की संभावित अप्रिय घटना को रोका जा सके। ज्ञात हो कि कुछ धार्मिक संगठनों ने मंगलवार को महादानी मैदान बेड़ो में महाजुटान और घेराबंदी कार्यक्रम के आह्वान किया था। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए शांति व विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए एहतियात के तौर पर यह कार्रवाई की है।

मंगलवार की सुबह से ही महादानी मैदान और उससे सटे इलाकों को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। चप्पे-चप्पे पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों को तैनात कर दिया गया। मौके पर सीओ प्रताप मिंज, बीडीओ राहुल उरांव, डीएसपी अशोक कुमार राम समेत कई प्रशासनिक अधिकारी स्थिति की निगरानी कर रहे थे। महादानी मैदान की भूमि को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। हाल ही में इस विवाद ने तूल पकड़ लिया था, जब पिछले महीने इसी मैदान में जुटी भीड़ ने बेड़ो थाना पर हमला कर दिया था। इसे देखते हुए इस बार प्रशासन कोई भी जोखिम नहीं लेना चाहता है।

## विकसित भारत के अमृतकाल पर भाजपा ओरमांझी मंडल की संकल्प सभा

# 11 वर्षों में अभूतपूर्व विकास हुआ है : दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी ओरमांझी मंडल द्वारा पांचा शिव मंदिर परिसर में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश उपस्थित रहे। साथ ही कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाइक, रणधीर कुमार चौधरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शशि मेहता एवं मंडल स्तरीय अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। सांसद दीपक प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 वर्षों में अभूतपूर्व विकास किया है। यह कालखंड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार द्वारा गरीब, किसान, महिला, युवा और आदिवासी समाज के लिए चलाये गये कल्याणकारी योजनाओं का असर गांव-गांव तक दिख रहा है। कार्यक्रम प्रभारी प्रभुदायल बढ़ाईक ने कहा ओरमांझी मंडल के कार्यकर्ता मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित रहें।कार्यक्रम में शशि मेहता और रणधीर चौधरी ने भी विकसित भारत के संकल्प के प्रति कार्यकताओं को अपनी योगदान देने और आमजन से भी इस मिशन में सहभागी बनने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अलखनाथ महतो, शशि भूषण कुमार, स्वागत भाषण राजधाम साहू के द्वारा दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से राजेश गुप्ता, राजकिशोर साहू, बालक महतो, मुखिया सुफल महली,ओम प्रकाश साहू, नीलमोहन पहन, कैलाश पहन, गणेश किशोर महतो, सुनील महतो, अमित राज, कामेश्वर साहू,कुलदीप साहू, उज्जवल साहू, प्रद्युमन पांडे, अनिरुद्ध साहू, नवीन साहू, सिकंदर महतो,अशेश्वर लाल गुप्ता, गावेश्वर महतो, रामलखन महतो, आनन्द मेहता,उल्लास महतो, प्रभा देवी सबिता देवी, दीपा चौरसिया, गणेश महतो, दीपक यादव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीएसएनएल एक्सचेंज में चोरी

मांडर (आजाद सिपाही)। चीलटोली की लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं के बाद अब मांडर बीएसएनएल एक्सचेंज में चोरी हुई है। बीएसएनएल एसडीओ प्रत्यूष पाठक के अनुसार चोर एक्सचेंज में घुसकर लगभग चार लाख रुपये मूल्य का ट्रांसमिशन इक्विपमेंट्स के काड्र्स और कॉपर केबल और अन्य उपकरण चुरा ले गये। घटना की सूचना के बावजूद अब तक पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त है। इससे पहले चीलटोली में पिछले छह महीनों में चोरी और ठगी की कई घटनाएं घट चुकी हैं। पत्रकार के घर में दो बार चोरी, और हाल ही में एक मकान से करीब 10 लाख की चोरी, इन सबने मिल कर स्थानीय नागरिकों को भयभीत कर दिया है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस ने रात्रि गश्ती और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से रोक नहीं लगायी, तो मांडर जल्द ही अपराध का गढ़ बन जायेगा।

# सेवा भारती का सेवा कार्य परिणामकारी : विजय पुराणिक

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** राष्ट्रीय सेवा भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय वैभवश्री-अध्ययन टोली की दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग रांची के सेवा धाम, जोन्हा में संपन्न हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में राष्ट्रीय सेवा भारती के केंद्रीय टोली के विशेषज्ञ पदाधिकारियों ने वैभवश्री, स्वावलंबन, अध्ययन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा भारती के संयुक्त महासचिव विजय पुराणिक ने बताया कि सेवा भारती के परिणामकारक सेवा कार्यों से सामाजिक परिवर्तन हो रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन राष्ट्रीय अध्ययन प्रमुख प्रमोद कुलकर्णी ने मोबाइल एप से वैभवश्री का अध्ययन करने के लिए विस्तार से प्रशिक्षण दिया। मौके पर प्रांत टोली अनुसार आगामी तीन वर्षों के कार्य विस्तार की योजना बनायी गयी। अपने क्षेत्रों के चयनित वैभवश्री सेवा कार्यों का अध्ययन करने की रूपरेखा तैयार किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर सेवा भारती के मार्गदर्शक गुरुशरण प्रसाद, प्रांतीय अध्यक्ष गिरीश मल्होत्रा, ऋषि पांडेय, राधेश्याम अग्रवाल, चंदन मिश्र, श्याम टोरका, शुभेंदू भट्ट, परमानंद कुजारा, विनय लाल, संजय गोयल और जितेंद्र आदि उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।**

75वीं औपबंधिक सूची जिला:—राँची

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता का विवरण | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का सक्षिप्त कारण | गृह, कारा एव आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या—1938, दिनांक—20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक—304/25<br>2. आवेदक—मुकेश कुमार महतो (आश्रित पुत्र)<br>3. पिता—स्व0 करमु महतो (मूल आंदोलनकारी)<br>4. ग्राम—टाटी बस्ती (मिश्रा टोला) पोस्ट—टाटीसिलवे<br>5. प्रखण्ड—नामकुम थाना—टाटीसिलवे<br>6. लिंग—पुरूष आयु—34 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—दाहिने बांह में तिल का निशान। | राँची सदर थाना काण्ड सं0—176/94 | नहीं | कारण :—दिनांक 29/10/1994 को गाड़ी रोककर रंगदारी टैक्स मांगने का आरोप। | 2(ix) आश्रित पुत्र) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक—305/25 2. आवेदक—हरिवंश साहू<br>3. पिता—स्व0 जग्रनाथ साहू<br>4. ग्राम—बोडेया पोस्ट—बोडेया<br>5. प्रखण्ड—कांके थाना—कांके<br>6. लिंग—पुरूष आयु—71 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—बायें हाथ मे कटे का निशान। | नहीं | नहीं | कारण :—संलग्न अखबार कतरनों से ज्ञात होता है कि आवेदक आजसू के कार्यकर्ता रहे हैं। | 2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक—306/25<br>2. आवेदक—मो0 मोजीबुर रहमान<br>3. पिता—स्व0 मो0 कमर<br>4. ग्राम—डोरण्डा हाथीखाना, पोस्ट—डोरण्डा<br>5. प्रखण्ड—राँची सदर थाना—डोरण्डा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—63 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—अंकित नही है। | नहीं | नही | कारण :— (i)संलग्न अखबार कतरन (राँची एक्सप्रेस) से ज्ञात होता है कि आवेदक आजसू की डोरण्डा शाखा के पदधारी रहे हैं। (ii) अनुज कुमार सिन्हा द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड आंदोलन का दस्तावेज' के पृष्ठ 260 में नाम अंकित। | 2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्रमांक—307/25 2. आवेदक—महाबीर नायक<br>3. पिता—फुदु नायक<br>4. ग्राम—नायक मोहल्ला, हटिया, पोस्ट—हटिया<br>5. प्रखण्ड—नामकुम थाना—जगन्नाथपुर<br>6. लिंग—पुरूष आयु—82 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—दाहिने हाथ में कटे का निशान। | नहीं | | कारण :—आवेदक स्थापित प्रतिष्ठित नागपुरी कवि एवं गायक हैं, जिन्होंने अपनी रचना एवं गायकी द्वारा झारखड आंदोलन को गति प्रदान करने में अहम भूमिका निभाई। | 2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्रमांक—308/25 2. आवेदक—लछु टोप्पो<br>3. पिता—हिरामन टोप्पो<br>4. ग्राम—कडरू, पुलटोली पोस्ट—डोरण्डा<br>5. प्रखण्ड—राँची सदर थाना—अरगोड़ा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—74 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—बायें कंधे पर मस्सा। | नहीं | नहीं | कारण :—संलग्न कागजात से ज्ञात होता है कि आवेदक वर्ष 1995 में झा0मु0मो0 (कडरू शाखा) के उपाध्यक्ष एव वर्ष 1999 में अध्यक्ष रहेहैं। | 2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्रमांक—369/25 2. आवेदक—अमीन अहमद<br>3. पिता—स्व0 हाजी अजीज अहमद<br>4. ग्राम—भीठा पोस्ट—गोंदा<br>5. प्रखण्ड—राँची सदर थाना—गोंदा<br>6. लिंग—पुरूष आयु—61 वर्ष<br>7. पहचान चिह्न—बायें गाल में नाक के पास तिल का निशान। | नहीं | नही | कारण :—इलियास मजीद द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड आन्दोलन और झारखण्ड गोमके होरो साहेब' के पृष्ठ 88—89 में नाम अंकित है। | 2(ix) |

नोट :— 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.355252 Home(25-26):D


## 30 ग्रामीण युवाओं को मिला ब्यूटिशियन और मोटर सर्विसिंग का प्रशिक्षण

# आत्मनिर्भरता के लिए हुनर जरूरी : डॉ अशोक श्रीवास्तव

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए उषा मार्टिन फाउंडेशन और झारखंड मिनी टूल रूम के संयुक्त तत्वावधान में तीन माह का ब्यूटिशियन एवं मोटर सर्विसिंग का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। मंगलवार को प्रशिक्षण के समापन पर आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह में कुल 30 युवा-युवतियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अमेटी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अशोक कुमार श्रीवास्तव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में आत्मनिर्भर बनने के लिए कुशलता आवश्यक है।

इस अवसर पर झारखंड मिनी टूल रूम के प्राचार्य महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में 30 युवाओं को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार के योग्य बनाया गया है। प्रभात खबर के डायरेक्टर आरके दत्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उषा मार्टिन ग्रामीण युवाओं के लिए निरंतर जनकल्याणकारी कोर्स चला रही है। यदि युवाओं में सीखने की ललक हो तो वे किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ सकते है। उषा मार्टिन के सीएसआर हेड मयंक मुरारी ने जानकारी दी कि कंपनी टाटीसिलवे क्षेत्र के आसपास के 18 गांवों में रोजगार सृजन हेतु विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम चला रही है। वर्तमान में 50 से अधिक युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समारोह में प्लेसमेंट हेड मधुसूदन सिंह, आशुतोष मिश्रा, संगीता कुमार, मोनीत बूतकुमार समेत मिनी टूल रूम के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का छठा महाधिवेशन पांच से नौ जुलाई तक धनबाद में

**देवघर से चुनावी अभियान शुरू**

**बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-कर जीत की कामना की**

**देवघर शाखा मेंस एसोसिएशन संग बैठक कर समर्थन मांगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का छठा महाधिवेशन पांच से नौ जुलाई तक धनबाद में होगा। महाधिवेशन में एसोसिएशन की केंद्रीय कमेटी का चुनाव भी होना है। इसके मद्देनजर प्रांतीय अध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह एवं महामंत्री रमेश उरांव अपनी टीम के साथ समर्थन मांगने देवघर पहुंचे। इन लोगों ने अपनी टीम के साथ पहले बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर जीत की कामना की। इसके बाद डाबरग्राम पुलिस लाइन में देवघर शाखा मेंस एसोसिएशन के साथ बैठक कर अपनी टीम के पक्ष में समर्थन मांगा। अध्यक्ष एवं महामंत्री ने देवघर शाखा के सदस्य पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा संथाल परगना उपेक्षित रहा है, लेकिन वे लोग संताल परगना को भी उचित प्रतिनिधित्व दे रहे हैं। कहा कि उनकी टीम का मुख्य उद्देश्य राज्य



के पुलिसकर्मियों के कल्याणकारी कार्यों का निष्पादन करवाना, पुलिसकर्मियों के लंबित भत्तों को नयी दर पर लागू करवाना, पुलिसकर्मियों को ससमय प्रशिक्षण कराना, पदोन्नति दिलवाना, एसीपी/एमएसीपी का लाभ दिलवाना तथा पुलिसकर्मियों के हर एक समस्या को सरकार सहित प्राधिकार स्तर पर समाधान कराना है। पुलिस केंद्र देवघर में पुलिसकर्मियों के साथ शाखा के अध्यक्ष मानसिंह मुर्मू की अध्यक्षता में सभा कर पुलिसकर्मियों से समर्थन का आग्रह किया गया. मौके पर सभी शाखा पदाधिकारियों सहित डेलीगेट प्रतिनिधियों द्वारा पूर्ण समर्थन का वादा किया गया। चुनाव प्रचार के दौरान संयुक्त महामंत्री स्टीफन सोरेन, गबरियल सोरेन, अमित तिवारी, सबीलूर रहमान खान, मृत्युंजय कुमार, परमेश्वर महतो, सरफराज खान, सच्चिदानंद राय, संजय राम, अविनाश कुमार राय, निर्भय राज, प्रदीप टोपो, उपेंद्र पांडेय, युगल मुंडा, पंकज तिवारी, माइकल तिर्की, प्रदीप यादव व अन्य शामिल थे। वहीं देवघर मेंस के सदस्य रियाज अंसारी, रमेश यादव, अजय कुमार आदि थे। इस दौरान बोकारो कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह भी मौजूद थे।

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses ADCA / DTP / C++ A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GST D-4 MONTH GET JOB MONEY BACK

!! श्री गणेशाय नमः !! !! जय थावे वाली मईया !!
पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
मिलने का समय : दिन सोमवार से शनिवार समय : सुबह 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे, 3 बजे से रात्रि 08 बजे तक
दिन रविवार समय : सुबह 7:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target. NDA Foundation (11th & 12th) NDA Pre Foundation (8th & 10th) CDS/MNS/AF CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO Institute of English Language & Computer Education
OUR COURSES धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
ADCA DCA DTP C++ Typing Tally With GST Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं। Daily Practical LAB Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी, कम लागत, कम खरखराव, लाइसेंस मुक्त, एक साल की वारंटी, 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है। फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME ESTD - FEB-2014
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery Nursery KG - I KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348
ENROL NOW! 2025-26

MEENA GENERAL HOSPITAL (A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES: Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar B.Sc, B.D.S M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
AGE GROUP Play Group - 2 to 3 years Nursery - 3 to 4 years L.K.G - 4 to 5 years U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO. +91-9334814668 +91-9798295759
WEBSITE :bpsranchi.com
EMAIL ID: bubuplayschool2025@gmail.com

Mob.: 9523367777 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

ADMISSION OPEN 50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM BIOMETRICS CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

TEXMO Borewell Submersibles Single Phase/Three Phase Domestic/Agricultural/Industrial Pumps
AQUATEX Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

A Jewel for every Tradition
Glossy Jewels Let's Shine Everyday
अब आपके शहर राँची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels @glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए सम्पर्क करें
मो. 8102553784 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
VERMA PRESS PVT. LTD.

# भूमिगत खदान ढोरी खास के तीन इंकलाइन में दूसरी बार लगी आग

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो(बेरमो)।** सीसीएल ढोरी के भूमिगत खदान ढ़ोरी खास के इन्कलाइन नंबर 4-5-6 में एक सप्ताह के अंदर मंगलवार को दूसरी घटना घटी है। परियोजना मे मंगलवार के सुबह आग लग गई। इससे परियोजना में पहली पाली में काम करने वालों में अफरा तफरी मच गयी। गनीमत रहा कि किसी भी जान माल की नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार परियोजना में पंखा घर जहां खत्म होता है, और जहां से कोयला प्रारंभ होता है वहां पहले पिलर में आग लगी थी। आग लगने की घटना तब पता चली जब पहली पाली में काम शुरू करने के पूर्व पंखा चालू करने पर वहां से हल्का धुआं निकलता देखा गया तो कुछ लोग अंदर जाकर देखा तो पिलर में आग लगी हुई थी। जिसे पानी और दमकल की मदद से बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कथारा तथा रामगढ़ से रेस्क्यू टीम आकर आग बुझाने का प्रयास कर रही है। आग लगने की सूचना मिलने पर डीजीएमएस तेजावत नरेश, आइसओ बीपी सिंह, सीसीएल ढ़ोरी जीएम रंजय सिन्हा, पीओ रंजीत कुमार, मैनेजर मृत्युंजय कुमार सिंह, एरिया सेफ्टी ऑफिसर मनोज सिंह, एसओ ईएंडएम गौतम मोहंती, एसओ सिविल मनोज कुमार शाह, परियोजना के सेफ्टी ऑफिसर रविकांत सिंह, कार्मिक प्रबंधक सीताराम यूईके आदि फौरन घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों को ब्यान देने से सारे अधिकारी बचते रहे। जीएम श्री सिन्हा ने बातों बातों में बताया कि आग कैसे लगी है इसकी जांच की जाएगी। खबर लिखे जाने तक आग बुझाने का प्रयास जारी था। विदित हो कि 12 जून गुरूवार को इस परियोजना में चाल गिरने से माइंस में दुर्घटना हुई थी जिसमें एक ओवरमैन मयंक कुमार सिंह सहित चार कर्मी घायल हुए थे।



जनता मजदूर संघ ढ़ोरी क्षेत्र के सचिव विकास कुमार सिंह ने कहा कि मैनेजर साहब कर रहे हैं कि गर्मी के वजह से सुख पत्तों के वजह से आग लगा होगा, पर ऐसा नहीं है आग पहले से ही लगा होगा तभी पूरा पिलर में आग लग गया।

अध्यक्ष सह सुरक्षा समिति सदस्य धीरज पांडेय ने कहा कि आग लगने की खबर काफी दुखदाई है। सभी लोग आग बुझाने में लगे हुए हैं। कहा कि जहां आग लगा हुआ है वहां वर्कर काम नहीं करते हैं। ढ़ोरी क्षेत्र में यही एक अंडरग्राउंड माइन्स है। अंडरग्राउंड माइन्स चलाने के लिए जो सुरक्षा के नियम का पालन करना चाहिए वह नहीं हो रहा है तभी ऐसा घटना घटी है। मौके पर झारखंड कलवारी मजदूर यूनियन के ओरिजिनल सचिव जय नारायण महतो, आरसीएमयू के एरिया सचिव शिवनन्दन चौहान, सिटू से चंद्रशेखर महतो, हीरालाल रविदास, मनोज ठाकुर आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस नगर कमिटी का किया गया विस्तार

**फुसरो(बेरमो)।** कांग्रेस के द्वारा संगठन को मजबूत करने के लिए लगातार संगठन का विस्तार किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया के द्वारा के फुसरो कांग्रेस नगर अध्यक्ष सर्वसम्मति से सूरज मित्तल तथा सचिव जितेंद्र सिंह को बनाया गया। इस दौरान सभी वार्ड मे वार्ड अध्यक्ष बनाया गया। नव मनोनीत फुसरो अध्यक्ष सूरज मित्तल ने कहा कि मैंने हमेशा कार्यकर्ता बनकर कार्य किया हूँ। मुझे जिलाध्यक्ष और बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के नेतृत्व में काम करने का मौका मिला है। यह पद मिलना मेरे लिए काफी सौभाग्य की बात है। मैं लगातार संगठन को मजबूत उपस्थित लोगों ने अध्यक्ष सूरज मित्तल, उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित वार्ड अध्यक्ष को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया। मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष उतम सिंह, अरुण सिंह, दिंगबर महतो, खुर्शीद आलम, शिवनंदन चौहान, जितेंद्र सिंह, सुषमा कुमारी, रईस आलाम, छोटू कुमार, साधु बाउरी, निमाय बाउरी, सलीम जावेद, सोनी खातून, गुड़िया प्रवीण ने बधाई दिया।

# विधायक कुमार जयमंगल सिंह की अनुशंसा पर योजनाओं का किया गया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेरमो।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के अनुशंसा पर जरीडीह प्रखंड अंतर्गत बांधडीह उतरी पंचायत में पीसीसी पथ का निर्माण, टांड़ मोहनपुर पंचायत में पीसीसी पथ का निर्माण, जैना पंचायत में पीसीसी पथ का निर्माण और खुंटरी पंचायत के बहादुरडीह में पीसीसी पथ एवं बंद नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसके अंतर्गत नीति आयोग से स्वीकृत बांधडीह उतरी क्षेत्र पंचायत में तेतरीयाडीह स्थित बड़ पेड़ से जरीडीह प्रखंड मुख्यालय होते हुए जैनामोड़ मुख्य सड़क तक पीसीसी पथ का निर्माण, डीएमएफटी मद से स्वीकृत टांड़ मोहनपुर पंचायत स्थित वार्ड नं 5 में रिंकू चौरसिया के घर से रंजीत कुमार महतो के घर तक पीसीसी निर्माण, जैना पंचायत स्थित डीएमएफटी मद से मोहन सिंह के घर से आनंद मूर्मू के घर तक पीसीसी पथ का निर्माण, डीएमएफटी मद से खुंटरी पंचायत के बहादुर डीह में पीसीसी पथ एवं बंद नाली का? निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास का अनुशंसा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह ने किया था। जरीडीह प्रखंड कांग्रेस कमिटी सह 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार मंडल, पूर्व तांतरी उतरी क्षेत्र के मुखिया निरंजन मिश्रा, बांधडीह उतरी क्षेत्र के मुखिया प्रतिनिधि बलराम तिवारी, जरीडीह प्रखंड विधायक निजी सचिव बिनोद कुमार महतो, राजेश कुमार सिंह, आयुष माथुर, अमर कुमार मिश्रा, सनत कुमार मिश्रा, रंजीत कुमार महतो, ववीता कुमारी, अश्विनी कुमार मिश्रा, बासुदेव नायक की उपस्थिति में शिलान्यास किया गया।

# जयनगर निवासी एक महिला का 108 एंबुलेंस में हुआ प्रसव, जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद ।** बरवाअड्डा जयनगर निवासी एक महिला का 108 एंबुलेंस में ही प्रसव हो गया। फिलहाल जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित हैं, जिन्हें धनबाद के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रसूता दुलाली देवी ने बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे का वजन ढाई केजी है।बच्चे के स्वास्थ्य को लेकर इतना वजन अच्छा माना जाता है।सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ। संजीव कुमार ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों ही सुरक्षित हैं और अभी 48 घंटे उन्हें मेडिकल केयर में ही रखा जायेगा।उन्होंने बताया कि



एम्बुलेंस में अस्पताल लाते लाते रास्ते में ही प्रसव हो जाने के ऐसे मामले पहले भी आते रहे हैं। परिजनों से अपील है कि चिकित्स्कों द्वारा जब भी उन्ही प्रसव की तिथि दी जाती है तो उसे गंभीरता से लें और मरीज को प्रसव पीड़ा होने पर तत्काल अस्पताल पहुंचाना चाहिए। इधर 108 एम्बुलेंस के चालक संजीव कुमार ने बताया कि मरीज को बरवाअड्डा जयनगर से लेकर आ रहे थे। एम्बुलेंस को ट्रैफिक जाम का भी सामना करना पड़ा था। एम्बुलेंस जाम में करीब पांच मिनट फंसा भी रहा। एम्बुलेंस में ले जाते समय, रास्ते में ही दुलाली देवी को प्रसव पीड़ा शुरू हो गयी। एम्बुलेंस में सहिया भी साथ में थी। प्रसव हो जाने के बाद जच्चा-बच्चा दोनों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर है।

# बोकारो डीसी का बना फर्जी फेसबुक अकाउंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो डीसी अजय नाथ झा के नाम एवं प्रोफाइल फोटो का दुरुपयोग करते हुए फर्जी फेसबुक आई.डी. बनाई गयी है, जिसके माध्यम से दूसरों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजा जा रहा हैं। यह साइबर फ्रॉड का मामला है।

**सतर्कता बरतें, किसी भी प्रकार की मांग या लिंक से रहें दूरः डीसी :** इस संबंध में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आमजनों को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यदि किसी अनधिकृत सोशल मीडिया अकाउंट या फोन नंबर से पैसों की मांग की जाती है या किसी प्रकार का प्रलोभन/लिंक भेजा जाता है, तो उसे तुरंत ब्लॉक कर फेसबुक को रिपोर्ट करें। साथ ही,किसी भी संदिग्ध मैसेज या लिंक को क्लिक करने से बचें। यदि किसी व्यक्ति की निजी जानकारी का दुरुपयोग हुआ है या आर्थिक क्षति हुई है, तो वह इसकी शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल www.cybercrime.gov.in या अपने निकटवर्ती थाना में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।


झारखण्ड सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल,कोडरमा

06534-2227076 Email Id-eercdkoderma-jhr@nic.in

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डोमचाँच–पिपचो पथ के मौजा–बुचीटाँड़ में पथ के किनारे अवस्थित भूमि से संबंधित खतियान की आवश्यकता इस कार्यालय को भू–अर्जन प्रस्ताव तैयार करने हेतु है। ज्ञात हो कि पथ के किनारे अवस्थित भूमि से संबंधित खतियान उपलब्ध नहीं होने के कारण भू–अर्जन की प्रक्रिया बाधित है।

अतः पथ के किनारे जिन रैयतों की भूमि अवस्थित है उनसे निवेदन है कि दिनांक–25.06.2025 तक इस कार्यालय में खतियान की छायाप्रति उपलब्ध कराना चाहेंगे, ताकि भू–अर्जन से संबंधित अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

कार्यपालक अभियंता

प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.355250 Road(25-26):D


# आजसू स्थापना दिवस में कार्यकता रांची में शामिल होंगे : कमलेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंद्रपुरा(बेरमो)।** आजसू पार्टी चंद्रपुरा प्रखंड की बैठक सांसद कार्यालय चंद्रपुरा में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार दास ने किया। बैठक में चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत केंद्रीय, जिला, प्रखंड पदाधिकारी एवं पंचायत प्रभारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए बोकारो जिला प्रभारी कमलेश महतो ने कहा कि इस वर्ष आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में पार्टी रांची में मनाने का संकल्प लिया



है। बैठक में संगठन को मजबूत करने को लेकर पंचायत प्रभारियों को ग्राम प्रभारी चयन करने का निर्देश दिया गया है। सभी ने एक स्वर में कहा कि आजसू स्थापना दिवस में चंद्रपुरा प्रखंड से सैकड़ों कार्यकता 22 जून को रांची में शामिल होंगे।

# भाजपा नेताओं के समक्ष छलका ग्रामीणों का दर्द

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** भगतडीह परसाताड़ बस्ती शिव मंदिर प्रांगण मे मंगलवार को लोगो की समस्या को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न हुई। बैठक मे भाजपा के वरीय नेता राजकुमार अग्रवाल व योगेंद्र यादव शामिल हुए ।बैठक मे ग्रामीणों का दर्द भाजपा नेताओ के समक्ष छलक पडा। इस दौरान ग्रामीणों ने ऐना कोलियरी बीसीसीएल प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाया। एना परियोजना से भारी मात्रा मे धुल कण उड़कर बस्ती मे गिरता है।वही बस्ती मे ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल व बिजली की घोर दिक़्कत है। कई बार बीसीसीएल प्रबंधन से



मिलकर मांग किया गया परन्तु कोई निष्कर्ष नहीं निकला। भाजपा नेताओ ने पुरे मामले से वरीय नेताओ को अवगत करा लोगो को समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया।वही इस दौरान सामुहिक रूप से दर्जनो फलदार पौधा वितरण व रोपन किया गया। मौके पर विष्णु त्रिपाठी, मनीष वर्मा, कौशल कुमार वर्मा भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी, रामदेव शर्मा, कन्हैया साह, बैजू राम, कयूम अंसारी, अधूरी देवी थे।


कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, राँची

(खनन शाखा)

निदेशानुसार एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के खान निरीक्षक द्वारा रांची जिलान्तर्गत निम्नलिखित स्थलों पर अवैध रुप से भण्डारित बालू खनिज को जप्त करने के फलस्वरुप झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली, 2004 यथा संशोधन नियमवली, 2017 एवं झारखण्ड लघु खनिज समनुदान (संशोधन) नियमावली, 2019 के नियम 54A के तहत जो जहाँ है उसी स्थिति में आम निलामी दिनांक 02.07.2025 को समय 04:00 बजे अपराह्न में अपर समाहर्त्ता (नक्सल), राँची की अध्यक्षता में समाहरणालय ब्लौक 'ए', कमरा नं0 207 में सम्पन्न की जाएगी। आवेदन सहित अन्य वांछित कागजात दाखिल करने की अंतिम तिथि दिनांक 01.07.2025 के 05:00 बजे अपराह्न तक है। भण्डारण की विवरणी, लोक निलामी की प्रक्रिया की शर्तें website www.prdjharkhand.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

| क्र0 | भण्डारण स्थल | भण्डारित बालू खनिज की मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | रांची जिला के पुन्दाग ओ0पी0 थानान्तर्गत मौजा–पुन्दाग के मौर्या एलाईट के पीछे | 3000 घनफीट |
| 2 | रांची जिला के बेड़ो थानान्तर्गत घाघरा पंचायत के डुमरदोन बस्ती (Lat-23.257549N, 84.926269E) | 15000 घनफीट |
| 3 | नगड़ी लोधमा रोड (Lat- 23.318741, Long- 85.188629) | 6000 घनफीट |
| 4 | नगड़ी लोधमा रोड (Lat- 23.316267, Long- 85.185106) | 6000 घनफीट |
| 5 | नगड़ी लोधमा रोड (Lat- 23.319599, Long- 85.189234) | 6000 घनफीट |
| 6 | एच0ई0सी0 फर्टिलाइजर, सुनील कोचिंग सेन्टर, टोनका (i) Lat- 23.256953, Long- 85.327636 (ii) Lat- 23.257361, Long- 85.328859 (iii)Lat- 23.257402, Long- 85.327867 | 20000 घनफीट |

अपर समाहर्त्ता (नक्सल), विधि व्यवस्था, राँची।

PR 355238 (District) 25-26 (D)


# सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट में छह दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर ( धनबाद)।** भारत सरकार, वस्त्र मंत्रालय अन्तर्गत विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय द्वारा धनबाद ज़िला के बलियापुर क्षेत्र के सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट के 20 हस्तशिल्पियों के भागीदारी में हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा होटल सोनोटेल, धनबाद में आयोजित किए जा रहे 06 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 17/06/2025 को मुख्य अतिथि मृणालिनी पांडेय, प्रोफेसर आई.आई.टी, आई.एस.एम धनबाद, विशिष्ट अतिथि अविनाश चंद्रा, निदेशक, रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, धनबाद, विशिष्ट अतिथि सह रिसोर्स पर्सन राहुल रंजन, प्रोग्राम ऑफिसर, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच), नई दिल्ली, शत्रुधन कुमार, सहायक निदेशक (ए& सी), हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम का



उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि मृणालिनी पांडेय ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिल्पियों को उद्यमिता, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाना है, साथ ही उद्यमिता विकास को प्रोत्साहन देना है। विशिष्ट अतिथि अविनाश चंद्रा ने बताया कि कोई भी उद्यम शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता कैसे प्राप्त करेंगे। इसके अलावा ऋण प्रक्रिया, बीमा और बैंकिंग के बारे में बताया। विशिष्ट अतिथि सह रिसोर्स पर्सन राहुल रंजन ने उद्यमिता का परिचय देते हुए शिल्पियों द्वारा बनें उत्पाद को अंतरास्ट्रीय बाजार में कैसे बेचें। अंतरास्ट्रीय बाजार में बिक्री हेतु उत्पाद की गुणवत्ता, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग इत्यादि के बारे में बताया। सहायक निदेशक (ए& सी) शत्रुधन कुमार ने कहा कि 06 दिवसीय उद्यमिता विकास कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य शिल्पियों को एक उद्यम का शुरूआत करने के लिए किन-किन बातों का जानकारी होना जरूरी है। श्री शत्रुघ्न कुमार कुमार ने कहा की इन छः दिनों में 06 अनुभवी रिसोर्स पर्सन द्वारा अंतरास्ट्रीय बाजार में अपने उत्पाद को कैसे बिक्री करें, उद्यम का रजिस्ट्रेशन का प्रक्रिया, ई-मार्केटिंग प्लेटफार्म का ज्ञान, वित्तीय साक्षरता, जीएसटी और कर दस्तावेज की समझ और डिजाइन इत्यादि के बारे में बताया जायेगा। सहायक निदेशक (ए& सी) शत्रुधन कुमार द्वारा उपस्थित शिल्पियों को कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा चल रहे विभिन्न कार्यक्रम प्रशिक्षण, टूल किट्स वितरण, मुद्रा योजना, हस्तशिल्प पुरस्कार वित्तीय सहायता, मार्केटिंग इत्यादि के बारे में भी बताया गया। शत्रुधन कुमार ने बताया कि बलियापुर क्षेत्र के सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट के शिल्पियों को हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर द्वारा 2024-25 वित्तीय वर्ष में गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम (ऋष्लढढ) के तहत सॉफ्ट टॉयज क्राफ्ट में 02 माह का बेसिक प्रशिक्षण दिया गया। इसके अलावा भी उन शिल्पियों को डिजाइन विकास कार्यशाला के तहत एमपैनल्ड डिजाइनर द्वारा डिजाइन में प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके उपरान्त उन शिल्पियों द्वारा बाजार के मांग के अनुसार उत्पादन किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी रवि जान रोशन और विकास कुमार द्वारा किया गया। मौके पर मृणालिनी पांडेय, प्रोफेसर आई.आई.टी, आई.एस.एम धनबाद, अविनाश चंद्रा, निदेशक, रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, धनबाद, रिसोर्स पर्सन राहुल रंजन, प्रोग्राम ऑफिसर, एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल फॉर हैंडीक्राफ्ट्स (ईपीसीएच), नई दिल्ली, हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर से सहायक निदेशक (ए& सी) शत्रुघ्न कुमार, हस्तशिल्प प्रशिक्षण अधिकारी रवि जान रोशन एवं विकास कुमार, रवि रौशन, अवर श्रेणी लिपिक, एन आई एफ टी नई दिल्ली के डिजाइन कोर्स में अध्ययनरत 12 विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

**अति-अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना सं0– DWSD/LTR-09/2025-26 (1st Call) दिनांक 16.06.2025

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 23.06.2025 अपराहन 03.00 बजे तक। |
| 03 | परिमाण विपत्र विकी का स्थान | | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 04 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 24.06.2025 अपराहन 03:00 बजे तक। |
| 05 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। |
| 06 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 24.06.2025 अपराहन 04.00 बजे । |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 6201242103 |

**Detail of work:-**

| Sl No | Name of work | Group No | No of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction for Toilet for Anganbari centre in Govt. Building of Different Blocks of Latehar district for F.Y 2025-26 | LTR-01 | 24 | 849816 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 2 | | LTR-02 | 24 | 849816 | 18000 | 1250 | 21 Days |
| 3 | | MAN-01 | 13 | 460317 | 10000 | 750 | 21 Days |
| | | BRD-01 | 17 | 601953 | 12500 | 1250 | 21 Days |

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Further details can be seen on notice board of Office
3. Only Registerd Contractor in this Department in (Appropritate Class) Participate in said Tender.
4. उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, लातेहार का पत्रांक– 906 दि0– 29.08.2024 के आलोक में लातेहार जिले में निबंधित सम्वेदक को प्राथमिकता देते हुए कार्य आवंटित किया जाएगा।

कार्यपालक अभियंता

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

PR 355213 Drinking Water and Sanitation (25-26)_D

# धर्मांतरण के विरोध में कुदरा गांव के ग्रामीण हुए गोलबंद



**सिसई।** प्रखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत कुदरा गांव के आठ परिवार द्वारा अपने धर्म को छोड़ दुसरे धर्म को अपनाने को लेकर गांव के ग्रामीण गोलबंद हुए। धर्मांतरण करने वालों की घर वापसी कराने के लिए मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों व हिन्दू जागरण झारखंड के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा, विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहु, रोहित शर्मा, मुकेश डेविड, उदय कुशवाहा, छोटेलाल ताम्रकर, सौरभ ताम्रकर, गौतम ताम्रकर, महली समाज के जिलाध्यक्ष सुमित महली ने बैठक कर परिवार के लोगों को समझाने का प्रयास किया। बताते चलें कि कुदरा गांव में हिन्दू सरना धर्मावलंबी रहते हैं, पुरखौती मान्यता के अनुसार उक्त गांव के सीमा क्षेत्र में किसी अन्य धर्म के वासी निवास नहीं कर सकते हैं अन्य धर्म के जो भी परिवार गांव में बसे हैं उन/ परिवारों के साथ कुछ न कुछ अनिष्ट हो गया है। विगत कुछ महीनों से गांव के ही उरांव, महली और लोहरा के आठ परिवारों द्वारा मिशनरी समाज के बाहर से आये पास्टर के संपर्क में आकर अपने सरना हिन्दू धर्म को छोड़ ईसाई मिशनरी धर्म को अपना लेने और चंगाई सभा जाने तथा घर में प्रार्थना सभा करने की जानकारी होने पर गांव के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त हो गया है। इसे लेकर गांव व हिन्दू समाज के प्रबुद्ध जनों द्वारा भटके परिवार के लोगों की घर वापसी कराने और परिवार के सभी उपस्थित सदस्यों को समझाने का प्रयास किया गया। इस मौके पर हिन्दू सनातन के श्यामा नारायण, अरुण नारायण, बदरी नारायण, सुरेश, विष्णु और सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# बस की चपेट में आने से युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



मृतक का फाइल फोटो और मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारी और स्थानीय ग्रामीण।

**सिसई।** प्रखंड थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग में मंगलवार की दोपहर को राइस एंड साइन स्कूल महुआडीपा के समीप भरनो थाना क्षेत्र के जूरा नगड़ी गांव निवासी महादेव उरांव के 24 वर्षीय पुत्र मंगरू उरांव का घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गया। उसी रास्ते से गुजर रहे समाजसेवी सह जे एलकेएमके सिसई प्रखंड महामंत्री लाल नंदकिशोर नाथ साहदेव और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से शव को रेफरल अस्पताल सिसई लाया गया। जहां सिसई पुलिस के द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। घटना के बाद से गुस्साये परिजन और ग्रामीणों ने रांची गुमला मुख्य मार्ग हाईवे को घटनास्थल पर ही जाम कर दिया, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गयी। वहीं सूचना मिलने पर सिसई अंचलाधिकारी नितेश रोशन खलखो और सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझा कर सड़क जाम को हटवाया। वहीं अंतिम संस्कार करने के लिए तत्काल दस हजार रुपये का आर्थिक सहयोग किया गया। वहीं अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी ने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद सरकार की ओर से मिलने वाली हर सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। मृतक की धर्मपत्नी देवंती उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि वह अपने पति के साथ मोटरसाइकिल में सवार होकर घटनास्थल के पास में लगे साप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने के लिए आयी थी और वह बाजार में सब्जी बेच रही थी और पति घर जा रहा था इसी दौरान घटना घटा। मृतक बाहर में रहकर मजदूरी करता था वही वह एक सप्ताह पूर्व अपने घर लौटा था। मृतक के दो पुत्री हैं बड़ी पुत्री का नाम निशा उरांव 10 वर्ष और छोटी पुत्री नेहा उरांव 5 वर्ष की है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# तालाब निर्माण में लाखों का घपला: विजय



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह मंगलवार को बिशुनपुर प्रखंड का दौरा किया। भूमि संरक्षण विभाग द्वारा कराये गये तालाब निर्माण का निरीक्षण कर किसानों व स्थानीय लोगों से योजना के बाबत जानकारी प्राप्त की। विदित हो कि भ्रष्टाचार विरोधी मंच गुमला इकाई को सूचना मिली है कि फर्जी ग्राम सभा कर योजना पारित किया गया, वहीं लाभुक समिति भी नाम मात्र के लिए बनायी गयी है और विभाग द्वारा स्वयं ठेकेदारी का काम किया गया तथा योजना निर्माण में गड़बड़ी व अनियमितता बरतते हुए लाखों रुपये निकासी कर ली गयी है। इस पर भ्रष्टाचार विरोधी मंच के सदस्यों ने कामरेड विजय सिंह के नेतृत्व में बिशुनपुर के बनारी पंचायत, सेरका सहित कई कार्य स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय सदस्यों को अन्य स्थान पर बने विभाग द्वारा तालाब निर्माण की स्थिति को पता कर रिपोर्ट करने के लिए कहा है। बिशुनपुर गयी तीन सदस्यीय टीम के द्वारा 19 जून 2025 को गुमला उपायुक्त, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी तथा विभाग के सचिव को उच्च स्तरीय जांच के लिए पत्राचार की जायेगी। टीम में भ्रष्टाचार विरोधी मंच के जिला कोऑर्डिनेटर अजीत विश्वकर्मा, आरटीआई सह सामाजिक कार्यकर्ता आनंद किशोर पांडा और शंकर उरांव मुख्य रूप से मौजूद थे।

# आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को बलिदान दिवस के रूप में मनाया जायेगा : देवशरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** आजसू पार्टी के स्थापना दिवस को, आजसू बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी। इसकी तैयारियों को लेकर पार्टी के कार्यकर्त्ता कमर कस लें। उक्त बातें आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता सह दक्षिणी छोटागपुर प्रमंडल के प्रभारी डॉक्टर देवशरण भगत ने कही। वे बतौर मुख्य अतिथि बैठक में उपास्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू ने की। बैठक में आगामी 22 जून को आजसू पार्टी बलिदान दिवस हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेल गांव रांची में मनाने की बात कही। जिसमें संपूर्ण झारखंड प्रदेश से पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। डॉक्टर देवशरण भगत ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड स्वाभाविक राज्य नहीं है, अलग राज्य के आंदोलन में आजसू के नौजवानों के कुर्बानी के बदौलत झारखंड अलग राज्य बना है। आंदोलन काल में आजसू के नौजवानों ने अपना बलिदान दिया, घर बार छोड़े अपनी जवानी कुर्बान की अपना सर्टिफिकेट जलाया आर्थिक नाकेबंदी की, तब जा कर सरकार अलग राज्य बनाने की मांग को स्वीकार किया। जिला प्रभारी अरविंद यादव ने कहा कि गुमला जिला में धारदार कार्यकर्ताओं का मजबूत और सशक्त संगठन विस्तार किया जायेगा। बैठक में आजसू पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सलीम टोप्पो ने आजसू पार्टी और केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व पर आस्था विश्वास रखते हुए पार्टी में घर वापसी किए। इनके अलावे पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष इंदु देवी चापो देवी झरियो देवी, रानी देवी, प्रकाश सोनी बंधनू उरांव आजसू पार्टी में घर वापसी किया। सभी को डॉक्टर देवशरण भगत ने उन्हें माला पहनाकर स्वागत किया।




























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**